दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 244 | जयपुर | मंगलवार, 09 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## कठुआ में सेना के वाहन पर ग्रेनेड से आतंकी हमला, 4 जवान शहीद

### दो महीने में सेना के वाहन पर दूसरा अटैक

बढ़ता राजस्थान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार (8 जुलाई) को आतंकियों के हमले में 4 जवान शहीद हो गए। 6 घायल हैं। घटना लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में दोपहर 3.30 बजे तलाशी ले रही थी, तभी आतंकियों ने घात लगाकर ग्रेनेड से हमला किया। फायरिंग भी की। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया है। आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना के अफसर ने बताया, इस हमले में 10 जवान घायल हुए थे। इनमें से चार की जान चली गई। 6 का अभी इलाज चल रहा है।% पहले 2 और कुछ समय बाद 4 जवानों के घायल होने की खबर आई थी। यह 2 महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। वहीं, दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है। रविवार (7 जुलाई) की सुबह आतंकियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में एक आर्मी कैंप पर हमला किया था। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए। सेना और पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

## मॉस्को पहुंचे मोदी, रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**रूस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे जहां वह मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे और उनसे कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने स्वागत किया। करीब पांच साल में पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। आज सुबह 10.30 बजे दिल्ली से उड़ान भरने वाले पीएम मोदी शाम 5.10 बजे मॉस्को के वनुकोवो-द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। रूस के पहले उप प्रधान मंत्री मंटुरोव भी उसी कार में पीएम मोदी के साथ हवाई अड्डे से होटल तक जाएंगे। पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति आज मुलाकात करेंगे।

पीएम मोदी मंगलवार को मॉस्को में एक सामुदायिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।पीएम मोदी के दौरे से पहले प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्साह जताया। इससे पहले, भारतीय प्रवासी की सदस्य सविका ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं। मैंने उन्हें (पीएम मोदी) केवल टीवी पर देखा है और यह पहली बार होगा जब मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से देखूंगी और मुझे बहुत खुशी है कि प्रधानमंत्री मंत्री जी यहाँ आ रहे हैं।

मॉस्को के बाद, पीएम मोदी 9 और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह पीएम मोदी की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी और 1983 में इंदिरा गांधी के बाद 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की इस देश की पहली यात्रा होगी।

### भारत-रूस के झंडों की रोशनी से जगमग हुआ ओस्तांकिनो टॉवर

रूसी राजधानी मॉस्को के महत्वपूर्ण स्थलों में से एक ओस्तांकिनो टॉवर भारत और रूस के झंडों के रंगों की रोशनी से जगमगा उठा।

### जेलेंस्की ने रूस की निंदा की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि रूस ने कीव और स्लोवियास्क समेत कई शहरों में करीब 40 मिसाइल हमले किए हैं। इसमें रिहाइसी इमारत, बच्चों के हॉस्पीटल को नुकसान पहुंचा है।

### मोदी के रूस दौरे के बीच यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर रूस का हमला

पीएम मोदी के मॉस्को दौरे के बीच रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों पर हमला किया है। इसमें बच्चों का एक अस्पताल भी शामिल है। बीबीसी के मुताबिक रूसी हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं। कीव में 17 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं जिनकी अस्पातल में मौत हो गई है। इसके अलावा नीप्रोपेत्रोवस्क में 11 लोगों की मौत और पूर्वी यूक्रेन के पोकरोवस्क में 3 लोग मारे गए हैं।

### रणधीर जायसवाल ने किया पोस्ट

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। वह रूस में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

## संदेशखाली केस-सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार की याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट बोला- बंगाल सरकार ने महीनों तक कोई एक्शन नहीं लिया

**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (8 जुलाई) को याचिका खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने महीनों से संदेशखाली मामले पर एक्शन नहीं लिया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को खुद से संज्ञान लेते हुए संदेशखाली केस की जांच सीबीआई को सौंपी थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, इस पर 29 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था कि किसी निजी शख्स के हितों की रक्षा करने के लिए राज्य सरकार ने याचिका क्यों लगाई है। इसके बाद कोर्ट ने कहा था कि मामले को चुनाव के बाद जुलाई में सुनेंगे। आज जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के सामने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए।



## 53 साल बाद पुरी की रथयात्रा 2 दिन चली : आज मंदिर में प्रवेश करेंगे

**पुरी (ओडिशा)।** 53 साल बाद पुरी की रथयात्रा दो दिनों चली। सोमवार को यात्रा का दूसरा दिन था। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे। अब रथों पर ही भगवान की पूजा आरती होगी। इसके बाद राजभोग लगेगा। 9 जुलाई को भगवान मंदिर में प्रवेश करेंगे। अगले 7 दिनों तक तीनों रथ यहीं रहेंगे। 11 जुलाई को हेरापंचमी मनेगी। मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मी जी भगवान से मिलने आती हैं। 15 जुलाई, सोमवार को तीनों भगवान अपने रथों में बैठकर मंदिर लौटेंगे। भगवान के मंदिर लौटने वाली यात्रा को बहुड़ा यात्रा कहा जाता है। 7 जुलाई यात्रा का पहला दिन था। शाम 5 बजे के बाद शुरू हुई रथ यात्रा सूर्यास्त के साथ ही रोक दी गई थी, भगवान जगन्नाथ का रथ सिर्फ 5 मीटर ही आगे बढ़ा था। जगन्नाथ मंदिर के पंचांगकर्ता डॉ. ज्योति प्रसाद के मुताबिक, हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा एक दिन की होती है, लेकिन इस बार दो दिन की है। इससे पहले 1971 में यह यात्रा दो दिन की थी।

### मनीष सिसोदिया और आतिशी ने दिल्ली की स्कूल शिक्षा प्रणाली को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है - वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मनीष सिसोदिया और आतिशी की जोड़ी ने दिल्ली की स्कूल शिक्षा प्रणाली को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। उन्होंने न तो नियमित शिक्षकों की भर्ती की है और न ही अतिथि शिक्षकों की। इसके बजाय, उन्होंने शिक्षकों को गैर-शिक्षण कार्यों में तैनात कर दिया है, जिससे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षक-छात्र अनुपात सबसे खराब हो गया है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा कभी नहीं चाहती कि शिक्षा विभाग के कामकाज पर राजनीति हो, लेकिन मंत्री आतिशी ने आज हमें सार्वजनिक रूप से यह बताने के लिए मजबूर कर दिया कि केजरीवाल सरकार ने कैसे दिल्ली की शिक्षा प्रणाली को नुकसान पहुँचाया है। आज 2024 में दिल्ली में 995 सामान्य स्कूल हैं, जबकि 2015 में जब अरविंद केजरीवाल सरकार पहली बार सत्ता में आई थी, तब 1015 स्कूल थे और इन 10 वर्षों में उन्होंने कोई नया नियमित या अतिथि शिक्षक नहीं रखा।

## गोगामेड़ी की हत्या करने वाले शूटर का दोस्त गिरफ्तार

### मिट्टी में लाश गाड़कर था भागा, ठिकाने और हुलिया बदलता रहा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर रोहित राठौड़ के दोस्त को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मर्डर के मामले में पिछले 4 साल से फरार चल रहा था। जो सुनसान जगह पर गड्ढा खोदकर लाश गाड़ने के बाद फरार हो गया था। आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी था। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- हत्या के मामले में आरोपी शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना (25) निवासी रास पाली को गिरफ्तार किया गया है। रविवार दोपहर छ्रस्ञ्ज वेस्ट के कॉन्स्टेबल कोमल सिंह को मुरलीपुरा इलाके में हत्यारे शिव सिंह के आने की सूचना मिली। एडि.डीसीपी नीरज पाठक के सुपर विजन में भांकरोटा एसएचओ राजकुमार मीना और डीएसटी सीआई गणेश कुमार व कॉन्स्टेबल कोमल सिंह को बदमाश को पकड़ने का टास्क दिया गया। मुरलीपुरा इलाके में दबिश देकर पुलिस टीम ने बदमाश शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना को पकड़ लिया। 4 साल तक काटता रहा फरारी-पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का हत्यारा शूटर रोहित राठौड़ उसका जिगरी दोस्त है। चार साल से अपने घर नहीं गया है। पिछले 4 साल से फरारी काटने के दौरान वॉट्सऐप कॉल कर परिजनों से बातचीत कर लेता था।




## 'यहां के हालात देखकर निराश', राहुल गांधी बोले- यहां जो चल रहा है, वो भारत में कहीं नहीं देखा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर का दौरा किया है। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि समस्या शुरू होने के बाद से मैं तीसरी बार यहां आया हूं और यह एक बहुत बड़ी त्रासदी रही है। मुझे उम्मीद थी कि स्थिति में कुछ सुधार होगा, लेकिन मैं यह देखकर निराश हूं कि स्थिति अभी भी वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने शिविरों का दौरा किया और वहां के लोगों की बातें सुनीं, उनका दर्द सुना। मैं उनकी बातें सुनने, उनमें आत्मविश्वास भरने और विपक्ष में होने के नाते सरकार पर दबाव बनाने के लिए यहां आया हूं ताकि वह कार्रवाई करे। राहुल गांधी ने आगे कहा कि समय की मांग राज्य में शांति की है। हिंसा से हर कोई आहत है। हजारों परिवारों को नुकसान पहुंचाया गया है, संपत्ति बर्बाद की गई है, परिवार के सदस्यों को मार दिया गया है और मैंने भारत में कहीं भी ऐसा नहीं देखा जो यहां चल रहा है।

### राज्य दो हिस्सों में बंट गया है- राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुला गांधी ने कहा कि राज्य पूरी तरह से दो हिस्सों में बंट गया है और यह सभी के लिए एक त्रासदी है। मैं मणिपुर के सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि मैं यहां आपका भाई बनकर आया हूं, मैं यहां आपकी मदद करने के लिए आया हूं, जो मणिपुर में शांति वापस लाने के लिए आपके साथ काम करना चाहता है।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की मणिपुर आने की अपील

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि यह जरूरी है कि प्रधानमंत्री यहां आएं, मणिपुर के लोगों की बात सुनें और



मणिपुर में क्या हो रहा है, इसे समझने की कोशिश करें। आखिरकार, मणिपुर भारत का ही एक राज्य है। भले ही कोई त्रासदी न हुई हो, प्रधानमंत्री को मणिपुर आना चाहिए था। इस बड़ी त्रासदी में, मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करता हूं कि वे अपने कीमती टाइम में से 1-2 दिन का समय निकालें और मणिपुर के लोगों की बात सुनें। इससे मणिपुर के लोगों को राहत मिलेगी। हम कांग्रेस पार्टी के तौर पर यहां की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किसी भी चीज का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## जेडीए ने पर्यटक सुविधा केंद्र (राजकीय संपत्ति) को नुकसान पहुँचाने पर संवेदक के खिलाफ दर्ज करवाई एफ.आई.आर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** जेडीए द्वारा पर्यटक सुविधा केंद्र (राजकीय संपत्ति) को नुकसान पहुॅचाने पर संवेदक के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज करवाई गई है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि चौड़ा रास्ता स्थित पर्यटक सुविधा केन्द्र जविप्रा द्वारा 10 वर्ष के लिये मैसर्स पिंकसिटी प्रा. लि. को लाईसेंस फीस के आधार पर दिनांक 25.05.2018 को संचालन तथा भवन के रखरखाव के लिये दिया गया था। कोविड काल के बाद संवेदक द्वारा अनुबंध के अनुसार फीस जमा नहीं कराई गई। जिसके कारण अनुबन्ध को टर्मिनेट कर बन्द पड़े चौड़ा रास्ता स्थित पर्यटक सुविधा केन्द्र का कब्जा जविप्रा द्वारा दिनांक 25.06.2024 को प्राप्त करने के उपरान्त भवन में संवेदक द्वारा राजकीय सम्पत्ति को पहुंचाये गये नुकसान की वसूली हेतु एफ.आई.आर जविप्रा द्वारा पुलिस थाना माणक चौक में दर्ज करवायी गई है।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत मानसरोवर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर सत्यनारायण उर्फ सत्तू को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसके पास से 19 ग्राम 72 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और बिक्री की राशि 4 हजार 420 रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मानसरोवर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर सत्यनारायण उर्फ सत्तू निवासी निवासी पचवारा जिला टोंक हाल गजसिंहपुरा श्याम नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 19 ग्राम 72 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और बिक्री की राशि 4 हजार 420 रुपये सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है। आरोपित सत्यनारायण उर्फ सत्तु का भाई जीतराम भी मादक पदार्थ स्मैक का धंधा करता है जिसके विरूद्व पूर्व में तीन प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज है। आरोपित से यह मादक पदार्थ स्मैक सत्यवीर चौधरी निवासी टिकरिया टोल प्लाजा बगरू से खरीद कर लाया था। आरोपित यह मादक पदार्थ स्मैक कोचिंग संस्थानों के आस पास बेचता है। आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

## चोरी की चार बाइक सहित वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** आमेर थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। वाहन चोर से अन्य चोरी के वाहन और उसके साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशी डोगरा ने बताया कि आमेर थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर राहुल कुमार मीणा निवासी आमेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर चोरी की चार मोटरसाईकिलें बरामद कर ली। पुलिस आरोपी से अन्य वाहन चोरी व साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## छोटी काशी के अकिंचन महाराज कराएंगे कथा श्रवण




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** देश–प्रदेश में धर्म और संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में डी डी ग्रुप की ओर से 108 श्री हनुमंत कथाओं का आयोजन किया जाएगा। इन सभी आयोजनों में व्यासपीठ से अंकिचनजी महाराज अपनी रसमयी वाणी में श्री हनुमंत कथा का रसपान करवाएंगे। आयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 108 कथाओं का आयोजन लगभग तीन वर्ष में संपन्न होगी। इन आयोजनों में श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ, हरिनाम कीर्तन, गायत्री यज्ञ, संस्कार महोत्सव, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध वितरण, विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण सहित अनेक परोपकारी कार्यक्रम भी समय–समय पर किए जाएंगे। 108 हनुमंत कथाएं विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होंगी। इन सभी कथाओं की संपूर्ण व्यवस्था डी डी ग्रुप द्वारा की जाएगी। क्षेत्र के स्थानीय लोगों को केवल श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था एवं स्थान उपलब्ध करवाना होगा। डी डी ग्रुप के निदेशक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि ये कथाएं तीन अथवा पांच दिवसीय होगी।

# हाइड्रोलिक रथ पर निकली भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा

## महासंकीर्तन से गूंज उठी गुलाबी नगरी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** जगतपुरा स्थित श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर के तत्वावधान में सोमवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट की तरफ से प्रतिवर्ष भी भांति इस साल भी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर सहित हर कोने से लाखों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए और रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ जी आशीर्वाद प्राप्त किया। महासंकीर्तन से गुलाबी नगरी भक्तिमय हो उठी। मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने रथ में विराजमान भगवान का पूजन कर रथयात्रा को रवाना किया। कलेक्ट्रेट सर्किल से रवाना हुई रथयात्रा का भगवान इंद्रदेव ने बारिश के साथ स्वागत किया। रिमझिम बुहारों के बीच भक्तों ने उत्साह के साथ अपने हाथों से भगवान का रथ खींचा। रथ खींचने के लिए भक्तों में होड़ सी लगी रही। रथयात्रा में शामिल लाखों भक्तगणों ने रथ पर सवार भगवान के दर्शन किए। भगवान के रथ को फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। रथ के आगे गौर निताई चल रहे थे। पीछे भक्तगण रथ को हाथों से खींचते हुए आगे बढ़ रहे थे। भक्तगण खड़ताल और मृदंग के साथ भगवान का गुणगान करते हुए नृत्य कर रहे थे।

**इन मार्गो से होकर निकली रथयात्रा :** शाम 6 बज हरे कृष्ण मूवमेंट की भव्य रथयात्रा का शुभारंभ जयपुर होटल कलेक्ट्री सर्किल के पास से किया। जिसके पश्चात रथयात्रा खासा कोठी पुलिया गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा,पांच बत्ती सर्किल से अजमेरी गेट होते हुए पून न्यू गेट से अल्बर्ट हॉल म्यूजियम रोड़ पहुंची। शाम 8 बजे भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा शिव सत्संग भवन पहुंची जहां पर अमितासन दास ने भगवान जगन्नाथ जी की आरती उतारी । आरती के बाद रथयात्रा का समापन हुआ।

**यात्रा के दौरान प्रसाद और फल का हुआ वितरण :** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान रथयात्रा जहां–जहां से गुजरी वहां– वहां भक्त मंडली ने यात्रा के दौरान प्रसाद और फल आदि का वितरण किया। अमितासन दास ने रथयात्रा के दौरान बताया कि जो भी व्यक्ति भगवान जगन्नाथ जी महाराज के रथ को देख लेता है तो उसका फिर भौतिक जगत में दोबारा जन्म नहीं होता और जो भी भक्त भगवान के रथ को अपने हाथों से खींचता है उसके सारे पापों का नाश हो जाता है।

## सांसद मंजू शर्मा ने किया श्री हनुमान चालीसा अभियान से जुड़ने का आव्हान




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** संत अमरनाथ महाराज ने लोगों को श्री हनुमान चालीसा अभियान से जोड़ने का अभियान कई वर्षो से चला रखा है। अभियान के अंतर्गत 100 करोड़ लोगों को एक निश्चित समय प्रतिदिन सुबह शाम 8 बजकर 9 मिनट पर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। सोमवार को संत अमरनाथ महाराज जयपुर सांसद मंजू शर्मा से श्री हनुमान चालीसा अभियान की चर्चा की और अभियान का पोस्टर भेंट किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग सरदार राजन सिंह,भागचंद बेरा,सुरेंद्र कुमावत, कैलाश कुमावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जयपुरिया, जयपुर ने यूएनपीआरएमई में निभाई अग्रणी भूमिका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( नि.स. )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने संयुक्त राष्ट्र प्रिंसिपल्स फॉर रिस्पॉन्सिबल मैनेजमेंट एजुकेशन (यूएनपीआरएमई) जयपुर रीजनल हब का नेतृत्व करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल, संस्थान की नैतिकता और प्रबंधन शिक्षा में स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर है। एसपीजेआईएमआर में एसोसिएट प्रोफेसर और यूएनपीआरएमई इंडिया चैप्टर के प्रमुख डॉ. चंद्रिका परमार ने डॉ. प्रभात पंकज, निदेशक, जयपुरिया, जयपुर को प्रतिबद्धता पत्र औपचारिक रूप से सौंपा।

इस अवसर पर, डॉ. परमार ने छात्रों को 'यूएनपीआरएमई के बारे में जानना इंडिया चैप्टर यात्रा' विषय पर संबोधित किया। इसमें प्रबंधन शिक्षा में नैतिकता और स्थिरता की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने छात्रों को सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए स्वामित्व लेने और खुद को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि भी शामिल थी जिसमें जयपुरिया, जयपुर के छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन का समन्वय डॉ. वरुण चोटिया और डॉ. ओम कुमारी आर. ने किया।

एक अलग सत्र जयपुरिया पूर्व छात्रों के साथ बातचीत अगर मुझे फिर से जयपुरिया का छात्र बनने का अवसर मिलता में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। पैनल में अर्नब घोष, मार्केटिंग मैनेजर, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लि., विशाल सावलानी, सेल्स स्पेशलिस्ट, अमेज़ॅन, आयुष भटनागर, सेल्स ऑपरेशंस और प्रोडक्ट स्ट्रेटेजी, वीवो इंडिया और रिधिका तिवारी, कंप्लायंस कंसल्टेंट, एजेएमएस ग्लोबल शामिल थे। इस सत्र का संचालन डॉ. लोकेश विजयवर्गीय, एलुमनी चेयर ने किया।

## दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फर्मों पर कार्रवाई

### जांच में दवाओं के नमूने अमानक पाने पर फर्मों पर लगाया प्रतिबंध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने विभिन्न पांच दवाओं के नमूने अमानक एवं 33 दवाओं की आपूर्ति नहीं किये जाने पर विभिन्न कम्पनियों को आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। जिन फर्मों के उत्पाद जाँच में फेल पाए गए हैं या औषधियां निरन्तर/निर्बाध आपूर्ति नहीं की गई। ये कंपनियां इन दवाओं के आगामी एक, दो अथवा तीन वर्ष तक टेंडर में भाग नहीं ले सकेंगी। दवाओं की गुणवत्ता एवं समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि मै. साई पैरेंट्रलस को हेपरिन सोडियम इंजेक्शनए मै. मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को एनालाप्रिल मेलियट टेबलेट, मै. मेक्का इंडस्ट्रीज को यूरिन बैग के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति हेतु निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार मै. डी.डी. फार्मास्युटिकल्स को एल्प्राजोलम टेबलेट तथा मै. सन लाइफ साइंसेज को सैफूरोक्सिम एक्सेटिल टेबलेट के नमूने अमानक पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि निगम की गुणवत्ता नीति के अनुसार प्रत्येक आपूर्तित दवा के प्रत्येक बैच की गुणवत्ता जाँच निगम की अनुमोदित लैब में कराई जाती है एवं जाँच में खरा पाए जाने पर ही अस्पतालों में वितरण हेतु सप्लाई की जाती है। ये सभी दवायें निगम की प्रारम्भिक जाँच में अमानक पायी गयी। जिनके आगे जाँच में पुष्टि होने पर सम्बंधित सप्लायर कंपनियों के विरुद्ध उक्त कार्यवाही की गयी है।

गिरि ने बताया कि औषधियों को 22 दवा फर्मों मेसर्स यूनिसुर लाइफकेयर, सेंचुरियन रेमेडीज, डॉ. सर्जिकल, फ्लेक्सीकेयर मेडिकल इंडिया, एफी पैरेंट्रल्स, सनलाइफ साइंस, ओलकेयर लेबोरेटरीज, इंटास फार्मास्यूटिकल्स, थिओन फार्मास्यूटिकल्स, कॉसमास रिसर्च लैब, बीडीआर फार्मास्यूटिकल्स इंटरनेशनल, टेलीफ्लेक्स मेडिकल, एलर्जेन हेल्थकेयर, एडवी केमिकल, एसपी एक्योर लैब्स, अल्वेस हेल्थकेयर, एलायंस बायोटेक, इनोवा कैपटैब, एएनजी लाइफ साइंसेज, स्टैनेक्स ड्रग्स एंड केमिकल्स, जे डंकन हेल्थकेयर, मेडिपोल फार्मास्यूटिकल्स के द्वारा दवाओं की निर्बाध/निरन्तर आपूर्ति नहीं किये जाने पर 33 दवाओं की आपूर्ति हेतु निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इनके अतिरिक्त विभिन्न 6 दवाओं के लिये 5 कम्पनियों द्वारा अनुबन्ध पत्र व प्रतिभूति राशि प्रस्तुत नहीं किये जाने पर प्रतिबंधित किया गया है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि मैसर्स प्रीसाइज़ केमीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड को लाइनज़ोलिड टैबलेट आईपी 600 मिलीग्राम, मै.ओलकेयर लैबोरेटरीज को एटोरवास्टेटिन टैबलेट आईपी 40 मिलीग्राम, मै. हेल्दी लाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड को आयरन और फोलिक एसिड शुगर कोटेड टैबलेट विद फेरस आयरन 45एमजी फोलिका एसिड आईपी 0.4 एमजी, मै. एस्टोनिया लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को पोविडोन आयोडीन सॉल्यूशन आईपी 10 प्रतिशत तथा मै. मोरपेन लैबोरेट्रीज लिमिटेड को क्लेरिथ्रोमाइसिन 250 एमजी टैब और क्लैरिथ्रोमाइसिन 500एमजी टेबलेट के लिए अनुबन्ध पत्र व प्रतिभूति राशि प्रस्तुत नहीं करने पर तीन वर्ष की अवधि के लिए डिबार/प्रतिबंधित किया गया है।

## जेकेएलयू का ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ-2024 शुरू

### पहले दिन विभिन्न सेशन्स के साथ हुए इंटरेक्शन प्रोग्राम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में बैच 2024 की शुरुआत के अवसर पर आयोजित अठारह दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ–2024' के पहले दिन नए बच्चों ने यूनिवर्सिटी कल्चर की जानकारी ली।

पहले दिन यूनिवर्सिटी वीसी. प्रो. धीरज सांघी और प्रो. वीसी आशीष गुप्ता, प्रो वीसी डॉ. अल्का महाजन समेत विभिन्न डायरेक्टर्स ने अलग–अलग सत्रो में स्टूडेंट्स से इंटरेक्ट किया और यूनिवर्सिटी एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारियां नए बच्चों के साथ सांझा की।

इस दौरान प्रो. सांघी ने स्टूडेंट्स से कॉलेज के पहले ही दिन से पूरी शिद्दत से जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि कॅरिअर के आगामी चार से पांच साल उनके जीवन में मील के पत्थर साबित होंगे एवं जीवन की दिशा तय करेंगे, ऐसे में स्वयं को एकाग्र एवं अनुशासित रख संयम के साथ आगे बढे। कार्यक्रम के इनोगरेशन के बाद प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दीपक सोगानी ने अठारह दिन तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की जानकारी मंच से सांझा की।

उन्होंने बताया कि दूसरे दिन अरनब भट्टाचार्य और नीलीमेश चक्रबर्ती देंगे लाइव कॉन्सर्ट में परफॉर्मेंस देंगे। एक्साइटमेंट और नॉलेज से भरे हुए पूरे प्रोग्राम को जानकर स्टूडेंट्स खासे उत्साहित नजर आए।

इधर, फ्रेशर्स यूनिवर्सिटी में अपने पहले दिन के अनुभव को लेकर खासे रोमांचित नजर आए। सुबह फिजीकल एक्टिविटी के बाद से शुरू हुए विभिन्न कार्यक्रम में फ्रेशर्स ने जमकर एंजॉय किया। वॉलियंटर्स ने न्यूकमर्स को गाइड करते हुए उन्हें स्टूडेंट कौंसिल, स्टूडेंट क्लब के साथ ही यूनिवर्सिटी में होने वाले सालाना कार्यक्रमों मसलन सबरंग आदि की जानकारी भी दी।

शाम को विभिन्न गेम्स के आयोजन के बाद इंटरेक्शन सेशन हुए। कार्यक्रम के दौरान नए बच्चों ने विभिन्न जानकारियां आपस में शेयर की एवं अपनी हॉबीज के बारे में बताया।

# नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में एक युवती को सफल किडनी ट्रांसप्लांट के माध्यम से मिला नया जीवन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने एक बार फिर सफलतापूर्वक कैडेवर किडनी प्रत्यारोपण करके अपनी असाधारण चिकित्सा विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

जिससे मरीज सुश्री लाजवंती देवी की जान बचाई गई, जो एक वर्ष के अधिक समय से खतरनाक उच्च क्रिएटिनिन स्तर के साथ क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित थी। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. कमल कासवान और उनकी टीम के सफल प्रयास के बाद मरीज को नया जीवन मिला है।मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय तक उपचार चलने के बाद भी उनके स्वास्थ्य में गिरावट जारी थी, क्योंकि उन्हें एक उपयुक्त डोनर नहीं मिल रहा था। अंत में उपचार के लिए उन्हें इंटरनेट पर नारायणा हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजी विभाग के बारे में पता चला जहां डॉ. कमल कासवान से परामर्श करने पर, उनके मामले को अत्यंत सावधानी के साथ संभाला गया। डॉ. कासवान और उनकी टीम ने मरीज और उनके परिजनों को उनकी स्थिति की गंभीरता से पूरी तरह अवगत कराते हुए, उन्हें तुरंत प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत कर लिया। डॉ. कमल कासवान ने इस मामले पर कहा कि, 'लाजवंती देवी किडनी प्रत्यारोपण के लिए विशेष रूप से



युवा मरीज थी, और जब वह हमारे पास आईं, तो उनका क्रिएटिनिन स्तर चिंताजनक रूप से 9–10 के बीच बहुत अधिक था। हम जानते थे कि प्रत्यारोपण ही सामान्य जीवन को दोबारा प्राप्त करने का एकमात्र विकल्प है। उनके पति को मधुमेह था और माँ डायलिसिस पर थी जिसके चलते उनके परिवार में कोई भी जीवित डोनर उपलब्ध नहीं था। इन चुनौतियों के बावजूद भी मरीज आशान्वित रहीं।

उनकी दृढ़ता का फल तब मिला जब उन्हें जीवन बदलने वाली कॉल मिली कि एक मृत किडनी उपलब्ध है। शीघ्र अनुकूलता परीक्षणों के बाद 4 से 5 घंटे की प्रत्यारोपण सर्जरी का सफल परिणाम सामने आया। सर्जरी के बाद, नारायणा हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने मरीज की रिकवरी पर बारीकी से नजर रखी क्योंकि उनके शरीर में नई किडनी का प्रत्यारोपण किया गया था। सामान्य जीवन में उनकी धीरे–धीरे वापसी हो गई जो डॉ. कासवान और उनकी टीम द्वारा प्रदान की गई विशेषज्ञ देखभाल का प्रमाण है। डॉ. प्रदीप कुमार गोयल, क्लिनिकल डायरेक्टर, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता महज चिकित्सीय हस्तक्षेप से कहीं आगे तक जाती है। सर्जरी की सफलता किडनी के प्रत्यारोपण के साथ समाप्त नहीं होती है। यह एक यात्रा है और हम हर कदम पर अपने मरीजों का मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित हैं। नियमित फॉलो–अप, सर्जरी के बाद की देखभाल और निरंतर सहायता हमारे उपचार प्रोटोकॉल के अभिन्न अंग हैं। हम सिर्फ स्थिति का इलाज नहीं करते हैं; हम व्यक्ति की देखभाल करते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष जूली की केंद्र को नसीहत

### देश के सैनिक की शहादत पर तो घिनौनी राजनीति का कफ़न मत डालो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर के जांबाज सिपाही और राजस्थान के पहले अग्निवीर की शहादत पर राजनीति करने का केंद्र पर आरोप लगाया है। जूली ने केंद्र सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि देश के सैनिक की शहादत पर तो घिनौनी राजनीति का कफन मत डालो।




उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अग्नि वीर का मामला उठाया तो शहीद जितेंद्र के परिवार को राहत की कुछ राशि बीमा कंपनी के माध्यम से भेजी गई जिसका को श्रेय केंद्र सरकार लेना चाह रही है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा शर्मनाक कृत्य भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लिए क्या हो सकता है जब देश के रक्षा मंत्री जवान के शहीद होने पर जुमलेबाजी कर रहे हो। जूली बोले अग्निपथ योजना देश के सैनिकों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि एक ही सरहद पर दो जवान शहीद होते हैं तो एक को शहीद का दर्जा दिया जाता है,पेंशन दी जाती है, परिवार को नौकरी दी जाती है जबकि दूसरी तरफ अग्नि वीर के नाम पर सरकार कोई मदद नहीं कर रही है।अलवर के नवलपुर का राजस्थान में पहला अग्नि वीर शहीद हुआ लेकिन सरकार ने उसे शहीद नहीं माना लेकिन जनता ने शहीद माना और हमने शहीद माना है। जूली ने बताया कि शहीद की मदद के लिए 14 मई को ही उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को भी पत्र लिखा है लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब संसद में मामला गूंजने पर उनके मंत्री अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुद्दा उठाने के बाद परिवार को कुछ राहत की राशि मिल पाई है।

# दैनिक रेलयात्री महासंघ की ओर से चल रही फुलेरा रेलवे स्टेशन पर जलसेवा का समापन कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा, ( नि.स. )।** फुलेरा जक्शंन रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी को देखते हुए दैनिक रेलयात्री महासंघ के तत्वावधान में पिछले 52 दिनों से चल रही आरओ युक्त निशुल्क जलसेवा का समापन समारोह रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय के पास महासंघ अध्यक्ष विष्णु कयाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के शाखा अध्यक्ष रमेशचन्द वर्मा रहे जबकि विशिष्ट अतिथि निर्माण संस्था खंडेल के निदेशक रामेश्वरलाल वर्मा, शिक्षाविद भंवरलाल कुमावत, जलसेवा प्रभारी श्यामलाल सैनी, जीआरपी थानाधिकारी गुलजारी लाल, फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, रेलवे सुरक्षा बल के गुगन राम रहे, कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्रकुमार शर्मा व कृष्ण कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान जलसेवा में सहयोग करने वाले सभी लोगो को प्रमाण पत्र व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के दिनों में रेलयात्रा करने वाले लोगो को आरओ युक्त ठंडा पानी उनके कोच के सामने ही उपलब्ध करवाते है और ऐसा पिछले कई वर्षो से फुलेरा जक्शंन रेलवे स्टेशन पर अनवरत चालू है। समापन समारोह के दौरान दैनिक रेलयात्री महासंघ संयोजक श्रवण वर्मा, महामंत्री चिरंजीलाल मेहरा, पालिका पार्षद पूजा भाटी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत, एडवोकेट सुमित्रा नाथावत, तारा सोनी, रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के लालचन्द कुमावत, सीपी त्रिपाठी, एसके माथुर, शेषनारायण सैनी, विरेन्द्र बंसल सहित सुरेन्द्र स्वामी त्रिवेणी, विमल सोनी, कैलाश लोहा, हितेश सिंह तंवर तथा अनेक जलसेवक व दैनिक रेलयात्री महासंघ के पदाधिकारी-कार्यकर्त्तागण मौजूद रहे।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर का दोस्त को गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे शूटर रोहित राठौड़ के दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के मामले में पिछले चार साल से फरार चल रहा था। जो सुनसान जगह पर गड्ढा खोदकर लाश गाड़ने के बाद फरार हो गया था। आरोपी पर पच्ची हजार का इनाम भी था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्या के मामले में आरोपी शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना (25) निवासी रास पाली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुरलीपुरा इलाके में हत्यारे शिव सिंह के आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने मुरलीपुरा इलाके में दबिश देकर बदमाश शिव सिंह उर्फ लक्की बन्ना को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का हत्यारा शूटर रोहित राठौड़ उसका जिगरी दोस्त है। चार साल से अपने घर नहीं गया है। पिछले चार साल से फरारी काटने के दौरान वॉट्सऐप कॉल कर परिजनों से बातचीत कर लेता था। जरूरत की चीजों और खाने-पीने के लिए रुपए भी मांग लेता था। पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदलने के साथ हुलिया भी बदलता रहता था। ठिकाने बदलने के चलते जो काम मिलता, उसी को कुछ दिन कर वहां से निकल लेता था। ज्यादातर रिश्तेदार और परिचितों के घर में रहकर फरारी काटी। आरोपी शिव सिंह के फरारी के दौरान शूटर रोहित राठौड़ से कॉन्टैक्ट में होने की पुलिस जांच कर रही है। जुलाई-2021 में मनसा नगर सिरसी मोड़ निवासी शशी कुमार अग्रवाल (43) की हत्या की गई थी। उसकी लाश को सुनसान जंगल में मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया था।

## दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन के लिए जागरुकता शिविर मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के उद्यमियों, युवक-युवतियों को आसान शर्तो एवं कम लागत पर ऋण प्रदान करने के लिये संचालित की जा रही डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के लिए जिला मुख्यालय स्थित जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में मंगलवार, 09 जुलाई को सवेरे 10.30 बजे विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि शिविर में योजना की विस्तृत जानकारी के साथ- साथ प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना सहित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, आर्टिजन परिचय पत्र आदि विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र व्यक्तियों के आवेदन तैयार करवाए जाएंगे। उन्होंने योजना में आवेदन करने के इच्छुक व्यक्तियों से अपने साथ जनाधार, आधार कार्ड, संस्था आधार, बैंक पासबुक, कार्य की परियोजना रिपोर्ट लेकर शिविर में उपस्थित होने की अपील की है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर देंगे सभी मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** देश में कठोर जनसंख्या नीति लागू करने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा सभी कलेक्टरों एवं उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन पत्र दिया जाएगा। राजस्थान प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया 11 जुलाई के लिए सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है इसके तहत विराटनगर उपखंड पर जगदीश यादव भागीरथ शर्मा गणपत लाल शर्मा पावटाऊ खंड पर राजेश शर्मा राम सिंह शेखावत हरि सिंह शाहपुरा उपखंड पर सीए रतन कुमार अग्रवाल रवि दत्त शर्मा रमेश कुमावत जयपुर जिला कलेक्टर को आनंद स्वरूप अग्निहोत्री अनिल महर्षि कोटपूतली बहरोड जिला कलेक्टर को रवि शर्मा ब्रह्मानंद शर्मा दाताराम गुर्जर जमवारामगढ़ उपखंड अधिकारी को सरपंच बाबूलाल मीणा की टीम द्वारा ज्ञापन पत्र दिया जाएगा पवन शर्मा ने बताया भारत की आबादी 140 करोड़ से अधिक हो गई है केंद्र सरकार को बिना विलंब किए हुए दो बच्चों का कानून शीघ्र लागू करना चाहिए आज भारत गृह युद्ध की स्थिति की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है सभी राजनीति से जुड़े हुए लोगों को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ।

## प्रशासनिक अधिकारी को दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** सहायक प्रशासनिक अधिकारी लीलाधर लंबोरा सीबीईओ कार्यालय पावटा (जिला अध्यक्ष कोटपूतली बहरोड़) को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। सीबीओ कार्यालय स्टाफ ने लंबोरा को माला साफा पहनाकर मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में अनेक सफलताए पाने की ईश्वर से कामना की। उधर लंबोरा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर स्टाफ के लिए सदैव हितेषी रहने का आश्वासन दिया । इस दौरान कार्यक्रम में अशोक शर्मा मनीष सोतवाल देशराज चेड़वाल मुकेश वर्मा चेतन शर्मा दीपक चंद सेन हजारीलाल स्वामी सोनाराम स्वामी श्री महेश कुमार गुप्ता सीबीईओ एवं सुरेश चंद कसाना,ष्ट्रक्ष्ठ्रह्व कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण को लेकर लेकर जागरूकता रैली



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाड़ा( नि.स. )।** रायथलियास में जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से लोगो को छोटा परिवार सुखी परिवार का महत्व बताया गया 25 जून से 11 जुलाई तक जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या देश के विकास में बाधा उत्पन्न कर रही है ।परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी दी। बच्चो में अन्तर रखने और स्थाई साधनों में महिला नशबंदी पुरुष नसबंदी के बारे में बताया गया। रैली में एएनएम उमा बैरवा प्रधाना अध्यापक नारायण लाल शर्मा ,शांति लाल पारिक , बद्री लाल कुमावत जनरेल जी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टीना पुरी, आशा सहयोगिनी तारा देवी शर्मा आदि ने भाग लिया और अपना सहयोग दिया।

## सस्ती ब्याज दरों पर दिए जाएंगे ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू, ( नि.स. )।** भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त व विकास निगम, राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम एवं राष्ट्रीय अन्य पिछडा वर्ग वित व विकास निगम वित्त वर्ष 2024-25 के ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन 30 सितम्बर 2024 तक आमंत्रित किए गए है। निगम की विभिन्न योजनाओं में 40 हजार से 10 लाख तक के ऋण 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दरों पर 20 त्रैमासिक किश्तों में वसूल करने की शर्तों के अधीन स्वीकृत किया जाता है। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम डॉ पवन पूनिया ने बताया कि ऋण लेने के इच्छुक व्यक्ति अन्तिम तिथि से पूर्व ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 लाख रूपए, सफाई कर्मचारियों एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नही है। आवेदक पर किसी ऋणदात्री संस्था का ऋण बकाया नही होना चाहिए । आवेदक द्वारा ऋण आवेदन ऑनलाईन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (ऋण आवेदन करने वाले व्यक्ति का बैंक खाता जन आधार में अपडेट होना चाहिए), जाति प्रमाण पत्र जिसमें टोकन नम्बर अंकित हो. बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल नही हो तो आय प्रमाण पत्र 4 पेज जो कि 6 माह से अधिक पुराना न हो. अदेय प्रमाण पत्र एवं परियोजना विवरण दस्तावेज सहित ऑनलाईन आवेदन अनुजा निगम के पोर्टल पर ई-मित्र या स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से कर सकते है। उन्होने बताया कि कार्यालय स्तर पर नियमित रूप से ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी। आवेदन करने उपरान्त आप अपने आवेदन की स्थिति पोर्टल पर स्वयं ज्ञात कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) अनुजा निगम कार्यालय झुंझुनू कमरा नम्बर 28 से प्राप्त की जा सकती है।

## वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( नि.स. )।** युवा जागृति एग्रो रिसर्च एंड ऑर्गेनिक फार्म इंस्टिट्यूट एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर पर कस्बे की होलावास ग्राम पंचायत की सरकारी विद्यालय की 101 बालिकाओं द्वारा युवा जागृति संस्थान के सहयोग से बेटी, पानी, पेड़ और पर्यावरण संरक्षण हेतु एक साथ 101 पौधे लगाकर काफी संख्या में वृक्षारोपण कार्य किया गया है इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सपना यादव, होलावास सरपंच सतपाल जाट, युवा जागृति संस्थान के सीईओ गोकुल सैनी, महिला मंडल की महिलाएं ,संस्था के वॉलिंटियर्स एवं छात्राएं मौजूद रही। विद्यालय प्रधानाचार्य सपना यादव ने बताया कि संस्थान द्वारा बेटी ,पानी, पेड़ और पर्यावरण तीनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में यह पुनीत कार्य किया गया है आज हमें बेहद खुशी है कि हमें इस अवसर पर आने का मौका मिला और विद्यालय की बालिकाओं के हाथों से आज इस रिसर्च सेंटर पर पौधे लगाने का अवसर मिला वाकई में काबिले तारीफ है कि संस्थान लगातार रूप से इस मुहिम पर कार्य कर रहा है और हमने देखा है कि इस रिसर्च सेंटर पर और भी भांति भांति प्रकार के औषधीय एवं फल, फूलदार पौधे पहले से लगे हुए हैं जिन्हें हम जानते भी नहीं है बालिकाओं ने यहां पर भ्रमण किया है और पौधों से संबंधित जानकारी ली है सरपंच सतपाल चौधरी ने कहा कि आज इस रिहैबिलिटेशन सेंटर पर बालिकाओं ने जमकर पौधारोपण का कार्य किया है संस्था के ये प्रयास समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन तक यह संदेश पहुंचाने के लिए जीता जागता उदाहरण है लोग पर्यावरण के लिए जागरूक बने और ज्यादा नहीं तो हर घर के हरेक व्यक्ति को वर्षा के समय एक पौधा अवश्य लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे मैंने संस्था के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है इससे पहले भी जीव जंतुओं की सुरक्षा में पानी के परिंडे काफी संख्या में संस्थान द्वारा लगाए गए हैं।

ऐसे मौके पर हमें प्रकृति के करीब आने का मौका मिलता है सभी से अपील है कि प्रकृति के करीब रहिए उसे बनाए और उसके संरक्षण में पौधे लगाए।

## एसडीएम ने ली बैठक, मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के दिये निर्देश

### कहा : स्वास्थ्य केन्द्रों पर अधिक से अधिक करें वृक्षारोपण, आयुष्मान कार्ड वितरण व आभा आईडी बनाने के लक्ष्य को शीघ्र करें पूर्ण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** एसडीएम ने सोमवार को बैठक लेकर वर्षा ऋतु के मौसम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने मौसमी बीमारियों को देखते हुये एएनएम व आशा सहयोगिनी को नियमित रूप से एन्टीलार्वा सर्वे करने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश प्रदान किये।

साथ ही पानी का ठहराव नहीं होने देने, मच्छरों के बचाव के लिये पूरे कपड़े पहनने, खूब पानी पीने व तरल पदार्थ का उपयोग करने के लिये आमजन को जागरूक करने की बात कही। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण करने एवं आभा आई.डी. बनाने के लक्ष्य को तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**बीसीएमओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण :** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम उप स्वास्थ्य केन्द्र टोरडा गुजरान, रामपुरा, टसकोला व पीएचसी गोनेड़ा का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। पीएचसी गोनेड़ा को नये भवन में शीफ्ट करने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच कर मौसमी बीमारियों को देखते हुये एएनएम व आशा सहयोगिनियों को नियमित रूप से एन्टीलार्वा सर्वे करने के निर्देश दिये। बीसीएमओ ने कहा कि आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जायें।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एसडीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार सोमवार को उपखंड कार्यालय में हुई विभागीय योजनाओं एवं आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक में एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक सेवाएं दुरुस्त रखने तथा विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक से अधिक लाभ आमजन को देने के निर्देश प्रदान किए। एसडीएम ने सीडीपीओ से कहा कि पोषाहार में दिए जाने वाले पोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा रिक्त पदों को भरे जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाएं। उन्होंने महिलाओं से संबंधित राज्य सरकार की योजनाओं के समुचित प्रचार-प्रसार एवं पोषण वाटिका को लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मॉडल आंगनबाडी, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, टीकाकरण पर भी चर्चा की गई। एसडीएम ने नगर परिषद एक्सईएन से कहा कि शहर के नालों की सफाई करवाएं और लंबित पेंशन प्रकरणों का निस्तारण इसी सप्ताह करवाएं। एसडीएम ने पीएचईडी सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि पेयजल की आपूर्ति समय पर कराएं। पानी की टंकी की एसओपी के बारे में विस्तृत विवरण भेजे और एसओपी की पालना सुनिश्चित करें।

एसडीएम ने डिस्कॉम एक्सईएन से कहा कि सोमासी रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवाद के अनुसार ट्रांसफार्मर को उपर उठायें एवं बारिश से गिरे खंभों की सूचना भिजवाएं। किस ग्राम पंचायत में कितने विद्युत पोल गिर गये हैं उनकी सूचना भिजवाएं। इस दौरान उन्होंने आंधी, वर्षा की रिपोर्ट नियमित तौर पर संधारित करने व मॉनीटरिंग करने, लोकायुक्त प्रकरण सोमासी अतिक्रमण की जांच करने, महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों की मॉनीटरिंग, पौधारोपण, टीकाकरण, रोड के किनारे के पास पौधे लगाने, गौशाला में टीकाकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रकरणों का तत्काल निस्तारण, पालनहार योजना में अधिकाधिक आवेदन, कृषक लाभ की योजनाओं का लाभ देने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान तहसीलदार सुरेंद्र पाल, बीडीओ महेंद्र भार्गव, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सैनी, ज्योति वर्मा, डॉ संजय तंवर, पूर्णिमा यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आपणी पाठशाला के बच्चों को करवाया भोजन

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** गांव घांघू के अंकित कुमार जांगिड पुत्र सुरेंद्र कुमार जांगिड ने चूरू में झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के लिए संचालित आपणी पाठशाला के सभी बच्चों को मिठाई के साथ बढ़िया खाना खिलाकर आपणी पाठशाला के इन बच्चों के प्रति मानवीय संवेदना दिखाई है। गांव के अंकित कुमार जांगिड ने बताया कि चूरू में उन्होंने तीन वर्ष पहले बिलिफ पैरामेडिकल क्लासेज़ चूरू के नाम से कोचिंग शुरू की थी। कोचिंग की अच्छी सफ़लता के उपलक्ष में उन्होने अपने घर में हलवाई बैठाकर अच्छा भोजन मिठाई सहित आपणी पाठशाला के बच्चों को खिलाया। आपणी पाठशाला संचालक मण्डल ने बच्चों को भोजन करवाने पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर सुनिल कुमार जांगिड, अंकित कुमार जांगिड, दिनेश जांगिड, विशाल जांगिड, कमल जांगिड, महेंद्र जांगिड, निखिल रेवाड़, मनोज प्रजापत, रविन्द्र जांगिड ने बच्चों को भोजन परोसने में सहयोग किया।

## निर्मला ढाका का एकलव्य आवासीय विद्यालय में शारीरिक शिक्षक पद पर चयन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (नि.स.)।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय ईएमआरएस स्कूल बिहारीपुरा तूंगा, जयपुर में गांव घांघू की निर्मला ढाका पुत्री सुरेन्द्र ढाका का चयन हुआ है। गांव घांघू से केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन होने वाली निर्मला ढाका प्रथम अभ्यर्थी है। निर्मला के पिता खेती किसानी और मजदूरी करने का काम करते हैं व माता गृहणी हैं। निर्मला ढाका ने बताया कि शारीरिक शिक्षक की ट्रैनिंग के बाद पहली परीक्षा में ही उसका चयन हो गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य आधारित कड़ी मेहनत जरूर सफल बनाती है। इस मौके पर दुलाराम ढाका, पूर्णाराम ढाका, शीशपाल, रामेश्वरलाल, समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी, महावीर नेहरा, धर्मपाल शर्मा, विद्याधर रेवाड़, बीरबल नोखवाल, पतराम ढाका, शारीरिक शिक्षक रामचंद्र, मोतीलाल जांगिड, रामलाल फगेड़िया, राजेश रेवाड़, गुमानाराम मांझू, नानूराम दर्जी, मोहनलाल रेवाड़, भंवरलाल प्रजापत, जयप्रकाश खीचड़, नेमीचंद जांगिड़, लीलाधर मांझू, केशर देव प्रजापत आदि ने बधाई दी।

## तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देश पर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाड़ा( नि.स. )।** वर्ष 2024 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार एवम् तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर के आदेशानुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति रविन्द्र सिंह यादव (ए सी जे एम गंगापुर) ने ब्रांच मैनेजर एस बी आई गंगापुर, सहायक ब्रांच मैनेजर एस बी आई आमली , नगरपालिका तथा विद्युत विभाग गंगापुर के अधिकारीगण के साथ प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों को आगामी लोक अदालत में रखके ज्यादा ज्यादा राजीनामा करने के बारे में जानकारी साझा की। इसके तहत संबधित मामलों में ज्यादा से ज्यादा नोटिस निकलवाने के आदेश दिए जिससे लोक अदालत का सफल संचालन किया जा सके।



## जनसंघ संस्थापक सदस्य कैलाश साहू ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपन

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा,(नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के तहत जनसंघ के संस्थापक कैलाशनारायण साहू ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाई, पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर वयोवृद्ध भाजपा नेता साहू के साथ पार्षद सरदार सिंह चौधरी, सुनील भारद्वाज,अब्दुल मजीद, शशिमोहन साहू व भागचंद शर्मा ने भी पौधे लगाकर।

## सम्पादकीय

# जारी हों जीएसटी के आंकड़े

जून 2024 में वस्तु एवं सेवा कर का कुल संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.7 फीसदी अधिक है। परंतु इस जानकारी को सामान्य तरीके से यानी ब्योरों के साथ प्रेस विज्ञप्ति की मदद से नहीं जारी किया गया। इस बार कर संग्रह के आंकड़ों को संवाददाताओं को अनौपचारिक तौर पर बताया गया। खबर यह भी है कि आगे से इसे ऐसे ही जारी किया जाएगा। यह बदलाव परेशान करने वाला है और इससे बचा जाना चाहिए। ऐसे समय में जबकि पारदर्शिता और सूचनाओं का समय पर जारी होना अहम हो चुका है, खासकर यह देखते हुए कि भारत अधिक से अधिक विदेशी निवेश जुटाना चाहता है, तो एक नियमित बन चुकी प्रक्रिया को खारिज करना गलत साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि यह ऐसे समय पर हुआ है जब महज चंद रोज पहले ही भारत सरकार के बॉन्ड को पहली बार एक वैश्विक सूचकांक में शामिल किया गया है। यह सही है कि जीएसटी व्यवस्था में अभी भी कुछ सुधार की आवश्यकता है ताकि वह वांछित कामयाबी हासिल कर सके लेकिन वह कई अंशधारकों के लिए एक उच्च तीव्रता वाले संकेतक का काम करती है।

वित्तीय बाजार विश्लेषकों और निवेशकों समेत कई लोग इन पर नियमित नजर रखते हैं। चूंकि सकल घरेलू उत्पाद जैसे आधिकारिक आंकड़े एक अंतराल के बाद जारी होते हैं, ऐसे में जीएसटी संग्रह इस बात को लेकर व्यापक समझ देने में मदद करता है कि अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन कैसा है। दिलचस्प बात है कि प्रेस विज्ञप्ति बंद करने की एक वजह यह बताई जा रही है कि इससे ऐसा माहौल बनता है कि मानो सरकार बहुत अधिक कर संग्रह कर रही है। जाहिर है मासिक रूप से आंकड़े जारी करना बंद करने की आधिकारिक वजह अब तक सामने नहीं है लेकिन कर संग्रह का स्तर इसकी वजह नहीं हो सकता है। यह कई स्तरों पर गलत है। पहली बात, सकल जीएसटी संग्रह अकेले केंद्र सरकार का नहीं होता है। इसमें राज्यों की भी हिस्सेदारी होती है। इसमें क्षतिपूर्ति उपकर का संग्रह भी शामिल होता है जिसका इस्तेमाल उस कर्ज को चुकाने में किया जाता है जिसे महामारी के दौरान राज्यों की राजस्व कमी को दूर करने के लिए लिया गया था। दूसरा, सरकार का सामान्य बजट घाटा भी ऊंचे स्तर पर बना हुआ है और चालू वर्ष में यह जीडीपी के 7.5 से 8 प्रतिशत के बीच रह सकता है। इसका अर्थ यह हुआ कि सरकार अपने व्यय की पूर्ति के लिए पर्याप्त राशि नहीं जुटा पा रही है। ऐसे में या तो कर संग्रह बढ़ाना होगा या व्यय में कमी करनी होगी। आखिरी और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जीएसटी व्यवस्था राजस्व संग्रह के मामले में पिछड़ गई है। गत वित्त वर्ष में रीफंड के बाद जीएसटी संग्रह जीडीपी के 6.1 फीसदी के बराबर था जबकि 2016-17 में जीएसटी में शामिल करों से जीडीपी के करीब 6.3 फीसदी के बराबर कर हासिल हुआ था। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि सकल संग्रह में क्षतिपूर्ति उपकर शामिल है जिसे पांच साल के बाद समाप्त हो जाना था। सरकार जीएसटी के पहले की तुलना में कम कर संग्रह कर रही है। इसके अलावा अर्थशास्त्री अरविंद पानगड़िया तथा अन्य लोगों ने दिखाया है कि केंद्र सरकार को जीएसटी लागू होने के बाद राजस्व के मोर्चे पर काफी कमी का सामना करना पड़ा है।

## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व भारत के प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय मुलाकात

# सलामत रहे ये दोस्ताना हमारा, जले चाहे दुश्मन ये सारा जमाना

**रूस और भारत की दोस्ती उस समय की है जब दोनों देश अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों से जूझ रहे थे। शीत युद्ध के दौरान जब दुनिया दो धड़ों में बंटी हुई थी, तब भारत और रूस ने एक-दूसरे का साथ निभाया। मौजूदा समय में, जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं, तो भारत और चीन जैसे देश रूस के बड़े तेल खरीददार बनकर उभरे हैं। यह स्थिति रूस के लिए भारत की रणनीतिक महत्ता को दर्शाती है।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने यूर्ेन संघर्ष पर एक संतुलित नीति अपनाई है। भारत ने इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की वकालत की है और रूस की आलोचना करने से भी परहेज करते रहे है। यह नीति भारत को अपने विदेशी नीतिगत हितों को संतुलित करने में मदद करती है, बिना किसी पक्ष को नाराज किए।**

**अशोक भाटिया।**



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे है । प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान आठ और नौ जुलाई को मॉस्को में ही रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में इस उच्च स्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी है । मंत्रालय की ओर से कहा गया कि इस यात्रा से दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे। साथ ही आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। रूस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक थे । वह इस यात्रा को रूस और भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने यह बात कही थी । पेस्कोव ने यह भी दावा किया था कि पश्चिमी देश इस यात्रा को 'ईर्ष्या' से देख रहे हैं। देखा जाय तो रूस और भारत के बीच संबंध कोई नए नहीं हैं, यह तो शीत युद्ध के दौर से चले आ रहे हैं, लेकिन फरवरी 2022 में शुरू हुए यूक्रेन संघर्ष के बाद इन संबंधों का महत्व और बढ़ गया है।

इस समय रूस और भारत के संबंधों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रूस और चीन के बीच की दोस्ती बढ़ रही है, जो भारत का मुख्य प्रतिद्वंदी है। इस त्रिकोणीय रिश्ते की जटिलता तब और साफ़ हो गई जब प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्टह्र) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बजाय अपने विदेश मंत्री को कजाकिस्तान के अस्ताना में हुई बैठक में भेजा। इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की बात करें तो उनकी आखिरी यात्रा 2019 में व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक मंच के लिए हुई थी, जबकि उनकी पिछली मॉस्को यात्रा 2015 में हुई थी। पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी की आखिरी मुलाकात सितंबर 2022 में उज्बेकिस्तान में स्ष्टह्र शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी, इसके बाद पुतिन 2021 में दिल्ली आए थे। पिछले दस साल में सोलह बार दोनों नेता एक दूसरे से मिल चुके हैं।भारत और रूस के रक्षा संबंध भी काफी पुराने हैं। 1990 के दशक की शुरुआत में, सोवियत संघ ने भारतीय सैन्य हथियारों का एक बड़ा हिस्सा प्रदान किया था। भारतीय सेना के 70 प्रतिशत हथियार, वायु सेना के 80 प्रतिशत सिस्टम और नौसेना के 85 प्रतिशत प्लेटफार्म सोवियत संघ द्वारा प्रदान किए गए थे। भारत का पहला विमान वाहक पोत, आईएनएस विक्रमादित्य, 2004 में रूस से प्राप्त किया गया था, जो इन संबंधों की मजबूती का प्रमाण है। हालांकि, यूक्रेन संघर्ष ने रूस की रक्षा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है, जिससे भारत को अपने सैन्य खरीद में विविधता लाने की आवश्यकता पड़ी है। अमेरिका, इज़राइल, फ्रांस और इटली के साथ नए रक्षा साझेदारियों ने रूस पर अपनी निर्भरता को कम करने की दिशा में भारत की रणनीतिक परिवर्तन को दर्शाया है। मोदी की इस यात्रा के कई मायने हैं। सबसे पहले, यह दौरा यह संकेत देता है कि भारत और रूस के संबंधों में गर्मजोशी बरकरार है, भले ही दुनिया में कितना भी उतार-चढ़ाव हो। दूसरा, यह दौरा भारत के उन प्रयासों को दर्शाता है जो वह अपने विदेश नीति में संतुलन बनाए रखने के लिए कर रहा है, खासकर चीन और अमेरिका जैसे बड़े खिलाड़ियों के साथ।रूस के लिए, यह दौरा भारत के साथ अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर है, खासकर तब जब पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को कई तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया है। भारत के लिए, यह दौरा वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को मजबूत करने और रूस के साथ अपने संबंधों को और मजबूती देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।मोदी की इस यात्रा से पूरी दुनिया को यह संदेश जाता है कि भारत एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी है जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए अपने संबंधों को संतुलित करने में सक्षम है। यह यात्रा इस बात का भी संकेत है कि भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरा उतरने वाली है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस के लिए रवाना हो रहे हैं। वे दो दिन तक मॉस्को में रहेंगे। भारत-रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को न्योता भेजा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। रूस ने प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को बेहद अहम बताया है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के रूस दौरे से पश्चिमी देशों में जलन देखने को मिल रही है। क्रेमिलन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने इस बात का दावा किया है।वैसे यह पहली बार नहीं है, जब पश्चिमी देशों को भारत और रूस के बीच रिश्तों से जलन हो रही है। 1950-1960 के दशक से पश्चिमी देशों में भारत-रूस के रिश्तों पर ईर्ष्या देखने को मिली है। हालांकि, भारत पश्चिम के दबाव को लगातार खारिज करता आ रहा है और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। जानकारों का कहना है कि भारत का यह रुख नया नहीं है, भले कहने का अंदाज आक्रामक हुआ है। यही वजह है कि यूक्रेन संकट में भी भारत और रूस की साझेदारी पर अब तक कोई आंच नहीं आई है। दो साल पहले जब प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात हुई तब दोनों नेताओं ने कहा था, %रूस और भारत की दोस्ती अटूट है।% भारत और रूस को हर संकट पर साथ खड़े देखा जा सकता है। भारत की तटस्थ विदेश नीति हर किसी को आकर्षित कर रही है। भारत और रूस के बीच दोस्ती का आधार कई ऐतिहासिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों पर आधारित है। भारत और सोवियत संघ के बीच के रिश्ते 1950 के दशक से ही मजबूत रहे हैं। दोनों देशों ने शीत युद्ध के दौरान एक-दूसरे का समर्थन किया। खासकर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान। रूस, भारत का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता है। भारत की सेना के उपकरणों और हथियारों का एक बड़ा हिस्सा रूस से आता है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास और तकनीकी सहयोग भी होता है। दोनों देश विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, जैसे संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, और शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्टह्र)। भारत और रूस के बीच ऊर्जा, खनिज और अन्य क्षेत्रों में व्यापारिक संबंध हैं। दोनों देश परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग करते हैं, जैसे कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना। चीन की बढ़ती ताकत और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत और रूस एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी हैं, जैसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतीय छात्रों का रूस में पढ़ाई करना, और रूसी संस्कृति का भारत में प्रसार। यही वजह है कि रूस भारत का एक भरोसेमंद साथी बना हुआ है और दोनों देशों के बीच दोस्ती मजबूत बनी रहती है। भारत और रूस के बीच ऐतिहासिक, रणनीतिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध माने जाते हैं। ये संबंध कई मायने में अहम हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। 2021 में द्विपक्षीय व्यापार लगभग 10 अरब डॉलर था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

**वृष**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

**मिथुन**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**कर्क**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**कन्या**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। उनका सहयोग मिलेगा।

**तुला**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**वृश्चिक**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**धनु**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।


**मीन**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

## शख्सियत

**दिल में हौसलों का तेज और तूफान लिए फिरते हैं, आसमां से ऊंची हम उड़ान लिए फिरते हैं, वक्त क्या आजमाएगा हमारे जोश और जूनुन को, हम तो मुट्ठी में अपनी जान लिए फिरते हैं..**

राजस्थान के सबसे तेज-तर्रार ऑफिसर्स में से एक आईपीएस विकास कुमार का नाम लिया जाता है। आज हमारे बढ़ता राजस्थान शख्सियत कॉलम के हीरों है आईपीएस रेंज आईजी जौधपुर विकास कुमार। विकास कुमार को संगठित अपराध को खत्म करने का एक्सपर्ट माना जाता है। वह उन गिने-चुने अधिकारियों में शुमार है जो अपनी कार्यशैली से अलग पहचान रखते हैं। ये विभिन्न जिलों में जिला एसपी रहे जहां इन्होंने अपनी शानदार वर्तमान में वह जोधपुर रेंज के आईजी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। आईपीएस अधिकारी विकास कुमार 2004 बैच के राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वे मूलत: औरंगाबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से 1997 में बीटेक की डिग्री ली इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी की इसके बाद उन्होंने भारतीय रेलवे जॉइन किया इस दौरान सिविल सेवा की तैयारी करते हुए वह 2004 में आईपीएस के लिए सिलेक्ट हो गए। तभी से अपराधियों की नींदे हराम हुई रखी हैं। आईपीएस विकास कुमार अपने कार्य प्रणाली के लिए पुलिस विभाग में फेमस है, उन्होंने कई बड़े टास्क को सुलझाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बतौर आईपीएस अपने शुरुआती दिनों में ही उन्होंने चित्तौडगढ़ में अफीम की रिकॉर्ड मात्रा जब्त की थी। पूर्व राजस्थान में अवैध खनन के धंधे को उखाड़ फेंका। इस दौरान विकास कुमार 10 जिलों में एसपी रहे। 2009-10 में गुर्जर.मीणा आंदोलन के दौरान शांति बहाल करने, 2010 में सीकर में शराब माफिया के खिलाफ मोर्चा खोलने, सांप्रदायिक हिंसा नियंत्रण, राजमार्ग डकैतों और अवैध हथियारों के बड़े रैकट को तहस-नहस करने के टास्क को पूरा करने में उनकी अहम भूमिका रही है। अलवर एसपी शिप दौरान में कोबरा टीम बनाकर से आ गए थे चर्चा में। उस वक्त सोशल मीडिया की पावर नहीं थी लेकिन इनके चाहने वाले सड़क पर उतर आए थे अपने सिंघम के लिए। आईपीएस विकास कुमार ने साल 2014 में अलवर जिले में एसपी के पद पर रहते हुए माफियाओं के खिलाफ एक्शन के लिए स्पेशल फोर्स कोबरा टीम का गठन किया जिसकी चर्चा पूरे देशभर में रही। इसके जरिए उन्होंने पुलिस को आर्मी की ट्रेनिंग दिलवाई ताकि वह माफियाओं का पेशेवर तरीके से खात्मा कर सके।

इसके बारे में आईपीएस विकास कुमार खुद कहते हैं कि जब मैं अलवर में तैनात था तो मैंने देखा यहां काफी पेशेवर अपराधी हैं। मुझे महसूस हुआ कि हमें एक ऐसी फोर्स की जरूरत है जिसमें अक्रामकता हो, जिसमें एनर्जी हो और जिसको थोड़ा एक्सपोजर मिला हो ताकि इन अपराधियों का डटकर मुकाबला कर सके, मैंने आर्मी के कमांडर से संपर्क किया और अपनी बात रखी तो वो तैयार हो गए। हमने



आईपीएस, विकास कुमार
( रेंज आईजी जौधपुर )

पुलिसवालों की एक नई टीम तैयार की जिसे आज लोग कोबरा टीम क्रिटिकल ऑपरेशन्स बैकअप एंड रैपिड एक्शन टीम के नाम से जानते हैं। इस जांबाज अधिकारी को महामहीम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सम्मान भी किया। दरअसल पूर्वी राजस्थान में अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर कार्रवाई के लिए आईपीएस विकास कुमार को आईआईटी कानपुर की ओर से प्रतिष्ठित सत्येन्द्र के दुबे मेमोरियल अवॉर्ड-2017 से सम्मानित किया जा चुका है। जनवरी 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें चुनाव प्रबंधन के लिए विशेष अवार्ड से सम्मानित किया था। दरअसल राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में विकास कुमार की अगुवाई में पुलिस ने शानदार काम किया था जिसमें रिकॉर्ड तोड़ कैश बरामद किया गया, इसका नतीजा ये हुआ कि पुलिस ने इस बार चुनाव में करीब 450 करोड़ का अवैध सामान जब्त किया जो पिछले चुनाव के मुकाबले 7 गुना ज्यादा था। ऐसे जांबाज अधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं हम।

## आज का इतिहास

### 9 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका में पहले प्राकृतिक गैस के कुएं की खोज 1815 में की गई।
- दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने 1816 में स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- कनाडा के मांट्रियल शहर में 1852 को 1100 निर्माणाधीन स्थल भयानक आग की चपेट में आने से खाक हो गये।
- भारत देश का पहला स्टॉक एक्सचेंज बम्बई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना 1875 में हुई।
- पहली विंबल्डन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 1877 में हुआ।
- अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल का प्रकाशन 1889 में शुरू हुआ।
- डेनियल विलियम्स ने 1893 में पहली बार बिना ऐनिस्थिसिया के ओपन हार्ट सर्जरी की।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी ने 1944 में भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने के लिए आजाद हिंद फ़ौज का नेतृत्व स्वीकार किया था।
- भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) की शुरुआत 1951 में हुई।
- वन्यजीव बोर्ड की तरफ से 1969 में शेर को देश का राष्ट्रीय पशु चुना गया।
- सोवियत संघ ने 1972 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- ब्रितानी महारानी के प्रतिनिधि के रूप में राजकुमार चार्ल्स ने 1973 में 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में आखिरी रात बिताई।
- माग्रेट थैचर ने 09 जुलाई 1982 में ब्रिटेन की प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत की।

## विशेष आलेख

# आईआईटी जेईई और एनईईटी यूजी तैयारी के साथ स्कूल की पढ़ाई को संतुलित करना

**विजय गर्ग।**

आईआईटी जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) और एनईईटी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के साथ स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई को संतुलित करना कई छात्रों के लिए एक कठिन काम हो सकता है। दोनों क्षेत्रों में अकादमिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के दबाव के साथ, सफलता सुनिश्चित करने के लिए सही संतुलन बनाना आवश्यक हो जाता है। इस व्यापक गाइड में, हम आईआईटी जेईई/एनईईटी की तैयारी के साथ स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई को संतुलित करने के लिए प्रभावी युक्तियों और रणनीतियों का पता लगाएंगे। इसके अतिरिक्त, हम चर्चा करेंगे कि कैसे इंस्पायर इंस्टीट्यूट, पुणे और चंद्रपुर में आईआईटी-जेईई/एनईईटी कोचिंग में विशेषज्ञता वाला एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान, छात्रों को इस संतुलन को प्राप्त करने और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायता करता है। समय प्रबंधन- प्रभावी समय प्रबंधन परीक्षा की तैयारी के साथ स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई को संतुलित करने की आधारशिला है। अध्ययन करने, कक्षाओं में भाग लेने, असाइनमेंट पूरा करने और परीक्षाओं के लिए संशोधन करने के लिए विशिष्ट समय स्लॉट आवंटित करें। अपने शेड्यूल को व्यवस्थित करने और समय सीमा और महत्व के आधार पर कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए एक योजनाकार या डिजिटल कैलेंडर का उपयोग करें। प्रत्येक अध्ययन सत्र के लिए यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप ट्रैक पर बने रहें, नियमित रूप से अपनी प्रगति पर नज़र रखें। इंस्पायर इंस्टीट्यूट छात्रों को उनके शेड्यूल को अनुकूलित करने और उनके समय का अधिकतम लाभ उठाने में मदद करने के लिए समय प्रबंधन कार्यशालाएं और व्यक्तिगत अध्ययन योजनाएं प्रदान करता है। कार्यों को प्राथमिकता दें- सबसे महत्वपूर्ण कार्यों की पहचान करें जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और तदनुसार उन्हें प्राथमिकता दें। परीक्षा में उनके महत्व और आपकी दक्षता के स्तर के आधार पर निर्धारित करें कि किन विषयों या विषयों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अन्य विषयों के साथ संतुलन बनाए रखते हुए चुनौतीपूर्ण विषयों पर अधिक समय और प्रयास लगाएं। कार्यों को प्राथमिकता देने से आप केंद्रित और उत्पादक बने रह सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आप सभी आवश्यक विषयों को प्रभावी ढंग से कवर करते हैं। इंस्पायर इंस्टीट्यूट प्राथमिकता निर्धारण तकनीकों पर मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे छात्रों को उनकी ताकत और कमजोरियों की पहचान करने और तदनुसार संसाधन आवंटित करने में मदद मिलती है। एक अध्ययन कार्यक्रम बनाएं- एक संरचित अध्ययन कार्यक्रम विकसित करें जो स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी दोनों को समायोजित करे। अपने अध्ययन के समय को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें, विभिन्न विषयों या टॉपिक्स के लिए विशिष्ट समय स्लॉट समर्पित करें। थकान से बचने और एकाग्रता के स्तर को बनाए रखने के लिए नियमित ब्रेक लें। अपने अध्ययन कार्यक्रम पर लगातार कायम रहें, लेकिन अप्रत्याशित परिवर्तनों या प्रतिबद्धताओं के अनुकूल होने के लिए पर्याप्त लचीले रहें। इंस्पायर इंस्टीट्यूट व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप वैयक्तिकृत अध्ययन योजनाएं प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से संतुलित कर सकते हैं। खाली समय का सदुपयोग करें- कक्षाओं के बीच, लंच ब्रेक के दौरान, या शाम को परीक्षा के लिए अध्ययन करने या दोहराने के लिए अपने खाली समय



का अधिकतम उपयोग करें। आप जहां भी जाएं अध्ययन सामग्री अपने साथ रखें, ताकि आप अतिरिक्त क्षणों का उपयोग उत्पादक अध्ययन के लिए कर सकें। अपने स्मार्टफोन या टैबलेट पर अध्ययन सामग्री और संसाधनों तक पहुंच कर अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें। सीखने को सुदृढ़ करने और अपनी पढ़ाई में आगे रहने के लिए व्याख्यान नोट्स की समीक्षा करें, अभ्यास प्रश्नों को हल करें, या डाउनटाइम के दौरान शैक्षिक वीडियो देखें। इंस्पायर इंस्टीट्यूट छात्रों को डिजिटल संसाधनों और ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वे कभी भी, कहीं भी अध्ययन कर सकते हैं। व्यवस्थित रहें- प्रभावी शिक्षण और उत्पादकता के लिए एक संगठित अध्ययन वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। अपने अध्ययन स्थान को अव्यवस्था मुक्त और सुव्यवस्थित रखें, जिसमें सभी आवश्यक सामग्री और संसाधन पहुंच के भीतर हों। फ़ोल्डर्स का उपयोग करें,प्रत्येक विषय के लिए नोट्स, पाठ्यपुस्तकें और अध्ययन सामग्री व्यवस्थित करने के लिए बाइंडर, या डिजिटल उपकरण। अपनी प्रगति और आगामी समय-सीमाओं पर नज़र रखने के लिए एक अध्ययन कार्यक्रम या चेकलिस्ट बनाएं। व्यवस्थित रहकर, आप विकर्षणों को कम कर सकते हैं, अपने अध्ययन सत्र को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और अपनी दक्षता को अधिकतम कर सकते हैं। इंस्पायर इंस्टीट्यूट छात्रों को सीखने के लिए अनुकूलतम अध्ययन माहौल बनाने में मदद करने के लिए अध्ययन युक्तियाँ और संगठन रणनीतियाँ प्रदान करता है। समर्थन और मार्गदर्शन लें- जरूरत पड़ने पर शिक्षकों, गुरुओं या साथियों से समर्थन और मार्गदर्शन लेने में संकोच न करें। कठिन अवधारणाओं या अतिरिक्त अध्ययन संसाधनों पर स्पष्टीकरण के लिए अपने स्कूल या कॉलेज के शिक्षकों से संपर्क करें। अध्ययन समूहों या ऑनलाइन मंचों से जुड़ें जहां आप साथी छात्रों के साथ सहयोग कर सकते हैं, नोट्स साझा कर सकते हैं और अध्ययन रणनीतियों पर चर्चा कर सकते हैं। इंस्पायर इंस्टीट्यूट जैसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में दाखिला लेने पर विचार करें, जहां अनुभवी संकाय सदस्य व्यक्तिगत मार्गदर्शन, परामर्श और शैक्षणिक सहायता प्रदान करते हैं। अपने आप को एक सहायक नेटवर्क से घेरने से तनाव कम करने, प्रेरणा बढ़ाने और आपके सीखने के अनुभव को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। स्व-देखभाल का अभ्यास करें- परीक्षा की तैयारी के साथ स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई को संतुलित करना मानसिक और शारीरिक रूप से कठिन हो सकता है, इसलिए आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना आवश्यक है। अपनी ऊर्जा को रिचार्ज करने और समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आराम, शौक, व्यायाम और सामाजिक गतिविधियों के लिए समय निकालें। इष्टतम संज्ञानात्मक कार्य और उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक रात पर्याप्त मात्रा में नींद लें। संतुलित आहार लें, हाइड्रेटेड रहें और अत्यधिक कैफीन या जंक फूड के सेवन से बचें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

परागा में जिला कलक्टर की जन सुनवाई में अधिकारियों के गैर हाजिर रहने का मामला

# गफलत में जिला प्रशासन : सूचना ही नहीं दी और अधिकारियों को मान लिया गैर हाजिर

## पहले दिए कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश, बाद में जिला कलक्टर ने स्वीकारा, हुआ 'मिस कम्यूनिकेशन'

### उपखण्ड अधिकारी टोंक की मानी लापरवाही, अकेले उन्हें ही मिला, कारण बताओ नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (कासं)।** इसे काम का दबाव कहे या समन्वय की कमी, कारण कुछ भी रहा हो, जिला प्रशासन इन दिनों 'चौकड़ी चूक' होता नजर आ रहा है। टोंक जिले के पराना ग्राम पंचायत में पिछले गुरुवार को हुई जिला कलक्टर की जनसुनवाई में कई अधिकारियों की गैर मौजूदगी मान उन्हें कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश देने के बाद जिला कलक्टर को मालूम चला कि अधिकारियों को तो जनसुनवाई में पहुंचने की पहले से कोई सूचना तक नहीं थी। इस मामले में अब टोंक उपखण्ड अधिकारी की लापरवाही मानी गई है और अकेले उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

इससे पहले जिला कलक्टर के हवाले से जिला जनसम्पर्क अधिकारी ने जन सुनवाई में गैर मौजूद रहे अधिकारियों को नोटिस देने की खबर भी जारी कर दी। अब जिला कलक्टर ने सारे मामले में 'मिस कम्यूनिकेशन' माना है।

**नोटिस किसे देंगे उनके नाम ही नहीं थे :** जन सुनवाई में अधिकारियों के गैर हाजिर रहने की जानकारी के बाद गुस्सा हुई जिला कलक्टर ने नोटिस देने के निर्देश तो दे दिए, लेकिन मामला 'मिस कम्यूनिकेशन' का निकला तो उन अधिकारियों के नाम गायब कर दिए। जब गैर मौजूद अधिकारियों के नाम जानने की कवायद की गई तो सारा मामला सामने आया।

**एसडीओ टोंक पर गिरी गाज :** नोटिस मिलने की जानकारी के बाद अधिकारियों में हड़बड़ी मच गई। अधिकारियों ने बात कलक्टर तक पहुंचाई कि उनको पहले से सूचना होती तो वे भी जनसुनवाई में जरूर पहुंचते। उपरोक्त अधिकारियों को जिला कलक्टर के जन सुनवाई में पहुंचने और उनके (अधिकारियों के) भी शामिल होने की सूचना टोंक उपखण्ड अधिकारी को देनी



थी, लेकिन उन्होंने सूचना नहीं दी। सारा मामला सामने आने के बाद माना गया कि टोंक उपखण्ड अधिकारी के स्तर पर लापरवाही बरती गई। ऐसे में सभी गैर मौजूद अधिकारियों के बजाए अकेले टोंक उपखण्ड अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

कई कार्यक्रम और कलक्टर की अनिश्चितता ने बड़ाई गफलत

माह के पहले गुरुवार को जिले की किसी एक ग्राम पंचायत पर जिला कलक्टर की जनसुनवाई होती है। जिसमें जिला कलक्टर के अलावा अन्य जिलाधिकारियों को मौजूद रहना होता है। इसी शिड्यूल के तहत 4 जुलाई को टोंक उपखण्ड इलाके की पराना ग्राम पंचायत में जिला कलक्टर की जन सुनवाई रखी गई थी। सूत्रों के मुताबिक अंतिम समय तक इस जन सुनवाई में जिला कलक्टर के पहुंचने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

अंतिम समय में जिला कलक्टर ने वहां जाने की सहमति दी, वे जन सुनवाई में पहुंच भी गई लेकिन समन्वय नहीं होने के कारण कई अधिकारी समय पर वहां नहीं पहुंच पाए। वैसे भी जिले के प्रत्येक उपखण्ड में भी ग्राम पंचायत पर जन सुनवाई हुई थी, कुछ अधिकारी वहां मौजूद रहे। इसी दिन पीपलू में बड़ा कार्यक्रम था, जिसमें जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस कारण वे भी जिला कलक्टर की जन सुनवाई में नहीं पहुंच सके या देरी से पहुंचे।

### इनका कहना है

मैं ट्रैफिक में हूं, गाड़ी चला रहा हूं। नोटिस मिलने के मामले पर बाद में बात करते हैं।

**राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी, टोंक**

# विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्रामीणों की सुनी समस्याए

## विधायक के जनसुनवाई कार्यक्रम में मौके पर हो रहे समस्याओं के समाधान से ग्रामीणों में दौड़ी खुशी की लहर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव झिलाय में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसहाय वर्मा ने गांव झिलाय में क्षेत्र की 11 पंचायतो की जनसुनवाई कर अधिकारियों को शीघ्र जन समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में झिलाय, खिड़गी सिंदरा,बस्सी, सिरस, नटवाड़ा, खंण्डवा, पहाड़ी रजवास, चैनपुरा, जुगलपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में विधायक को अवगत करवाया। झिलाय के लोगों ने बढ़ते स्मैक के कारोबार पर रोक लगवाने की मांग की तथा खसरा नंबर 942 गैर मुमकिन खाई पानी निकासी रास्ते में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर विधायक ने तहसीलदार व थाना अधिकारी को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बिजली कटौती, अतिक्रमण, सीमा ज्ञान, सड़क बनवाने, नामांतरण खुलवाने, नाले बनवाने, श्मशान भूमि आवंटित करवाने, सहित कई समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने मौके पर मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। निवाई बाईपास से दादूदयाल गौशाला के बीच सड़क मार्ग पर हो रहे गहरे गड्ढों की शिकायत पर विधायक ने पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता से तुरंत उन्हें भरवाने का कार्य प्रारंभ करवा दिया। इस अवसर पर प्रधान रामअवतार लांगडी, सरपंच कांति देवी, महेश मिश्रा, नारायण यादव, डी आर नरेश नायक, मुकेश पोसवाल, आशाराम डोई, गिर्राज यादव, सुरेश सिंहवाडीया चिरंजीलाल झांपड़ी, रामप्रसाद शर्मा, सियाराम शर्मा सहित सभी पंचायतो के सरपंच एवं संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# जूनोटिक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा : डॉ. सौभाग सिंह चौधरी

## वर्षा ऋतु में पशुधन सहायकों को निरंतर टीकाकरण करने के निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** शहर के धन्ना तलाई स्थित राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय टोंक में संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा के निर्देश एवं डॉ. सौभाग सिंह चौधरी के नेतृत्व में इंडियन इम्यूनोलॉजिकल कंपनी, लि. हैदराबाद (आईआईएएल) के सहयोग से चिकित्सालय में निशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें शहर के निराश्रित श्वानों एवं पालतू बिल्लियों को रेबीज के टीके लगाए गए। इस अवसर पर चिकित्सालय के डॉ. सौभाग सिंह चौधरी ने एक विश्व एक स्वास्थ्य जूनोसिस रोकें विषय पर पशु चिकित्सालय में उपस्थित चिकित्सकों, पशुधन सहायकों, पशुधन परिचर एवं गडरियों समेत



पशुओं का टीकाकरण कराने आए पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जूनोटिक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए हमे मिलकर काम करना होगा। डॉ. चौधरी ने वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पशुधन सहायकों को निरंतर टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं के टीकाकरण कार्य में पशुधन सहायकों की किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व जूनोसिस दिवस मनाने का उद्देश्य पशुओं से मनुष्यों में होने वाली महामारी को रोकना है। उन्होंने कहा कि रेबीज लाइलाज व जानलेवा रोग है लापरवाही एवं जागरुकता के अभाव में मनुष्य की मृत्यु भी हो सकती है। डॉ. चौधरी ने कहा कि फ्रांसीसी जीव विज्ञानी लुई पाश्चर ने 6 जुलाई, 1885 को 9 वर्ष के जोसेफ मीस्टे को पहला रेबीज का टीका सफलतापूर्वक लगाया था। चिकित्सा विज्ञान में इस महत्वपूर्ण घटना को चिन्हित करने के लिए विश्व जूनोसिस दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रेबीज रोग का उन्मूलन टीकाकरण से ही संभव है। श्वान एवं बिल्ली पालने वाले पशु प्रेमी अपने पशुओं का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं। आईआईएल कंपनी के ललित राठौड़ ने कंपनी की ओर से 320 रेबीज टीकें चिकित्सालय को उपलब्ध कराएं।

डॉ. सौभाग सिंह चौधरी ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पशु प्रेमी प्रज्ञा बुंदेल ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. समसाम अली खान, उपनिदेशक डॉ. दिलीप गिदवानी, डॉ. सोनल ठाकुर, डॉ. विजय अग्रवाल समेत पशुधन सहायक जितेंद्र चौधरी, दमयंती मालावत, पशुधन परिचर अब्दुल मन्नान आदि मौजूद थे।

# नुकसान का लिया जायजा, घर विहीन को आवास योजना में घर बनाकर देंगे



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक प्रतिष्ठा पिलानिया ने मालपुरा ब्लॉक में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया । सबसे पहले ग्राम पंचायत धोली के ग्राम भीपुर में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से रूबरू हुई और भारी बरसात के कारण हुए नुकसान की जानकारी लेने के साथ-साथ धराशाई हुए कच्चे मकानों का मौका देखा जो मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके थे ।

मौके पर मौजूद विकास अधिकारी सतपाल को आवास विहीन हो चुके परिवारों की सूची बनाकर जिला परिषद भिजवाने के निर्देश दिए गए ताकि उनके लिए आवास स्वीकृत करने की कार्रवाई की जा सके । इस मौके पर रसद सामग्री व फूड पैकेट भी वितरित किए गए । इस मौके पर नायब तहसीलदार मालपुरा जय सिंह,जयनारायण जाट अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी संतोष सिंह, पटवारी हरिओम मौजूद रहे ।

## रामकथा की कल गणेश निमंत्रण की होगी तैयारी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री रामकथा आयोजन समिति एंव भारत विकास परिषद मालपुरा द्वारा दिव्य रामकथा महोत्सव का भव्य आयोजन महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से 1 सितंबर तक अंतराष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथा वाचक सन्त शम्भू शरण जी लाठा के मुखारबिंद से होने जा रहा हैं। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत के लिए बुधवार 10 जुलाई को प्रात: 8 बजे श्री गणेश मन्दिर माणक चौक में गणेश निमंत्रण एवं पूजन आयोजन समिति सदस्यों द्वारा किया जाएगा। भारत विकास परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा एवं आयोजन व्यवस्थापक रामबाबू परतानी ने बताया कि इस भव्य आयोजन से जो भी सहयोग राशि एकत्रित होगी वो सम्पूर्ण राशि श्री गोपाल गौशाला सदरपुरा रोड़ में गौमाता सेवार्थ होगी।

## आज होने वाले वृक्षारोपण शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारी जोर शौर से

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** आज होने वाले वृक्षारोपण शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारी जोर शौर से हो रही है। कार्यक्रम की अतिथियों में जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र कुमार मीणा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता, उपखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव चौधरी आदि करेंगे शिरकत। भामाशाह बी एल चौधरी और उनके स्कूल मैदान पहुंच पर तैयारी की ली जानकारी।

## पौधारोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** प्रदेश भर में चल रहे वृक्षारोपण महाअभियान के तहत सोमवार को राज. उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में सघन वृक्षारोपण किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विद्यालय में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने छात्रों को बताया की सनातन काल से चले आ रहे हमारे महान ग्रंथो में भी पौधे लगाना और उसे पालना 10 पुत्रों के पालन के समान माना गया है। विद्यालय वृक्षारोपण प्रभारी व्याख्याता सीमा आल्हा ने बताया की विद्यालय में वृक्षारोपण के अलावा प्रत्येक विद्यार्थी को पांच पांच पौधे उनके घर पर लगाने को दिए जायेंगे,साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा की साल भर उनकी देख रेख हो ।

## कृषि महाविद्यालय झिलाय में कृषि से संबंधित उपकरणों की हुई उपलब्धता

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** कृषि महाविद्यालय में कृषि से संबंधित उपकरणों की उपलब्धता हो गई है। अधिष्ठाता डॉ. आरएस मीणा ने बताया कि कृषि महाविद्यालय में कृषि उपकरण रोटोवेटर, एमवी प्लाव, सीड कम फर्टिलाईजर सीड ड्रील कल्टीवेटर लेंड लेवलर, पोस्ट होल डीगर, कुली, बंडरिज फार्मर एवं पाटा सहित आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता हुई है। उन्होंने बताया कि उपकरणों की मदद से महाविद्यालय में अध्ययनरत



विद्यार्थियों का प्रायोगिक ज्ञान बढाने में सहायक होंगे साथ ही कृषि फार्म को विकसित किया जा सकेगा।

## पीएमश्री स्कूल राहोली में एक पेड़ देश के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में अमृत पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत एक पेड़ देश के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि अमृत पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न किस्मों के छायादार व फलदार पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर उपप्राचार्य मुकेशकुमार मीना, प्रभारी ऋषिराज चौधरी, राजूलाल बैरवा, मनोज पीपलीवाल, लोकेश




चौधरी, राजेन्द्र मीना, गोविंद हाथीवाल व लक्ष्मण सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## मदनलाल वर्मा बने अध्यक्ष, रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के चुनाव संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** रेगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के चुनाव संपन्न हुए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल सालोदिया ने बताया कि झिलाय रोड़ स्थित रैगर छात्रावास में प्रात:8 से 4 बजे तक मतदान हुआ। रैगर समाज 348 सदस्यों में से 317 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 45 महिला मतदाताओं ने भी अपने मत का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोपहर 4 बजे परिणाम आने पर अध्यक्ष पद पर मास्टर मदनलाल वर्मा निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चांदमल कंवरिया व महासचिव पद पर चिरंजीलाल वर्मा निर्वाचित हुए। पूर्व में कोषाध्यक्ष पद पर कन्हैयालाल हाथीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल सालोदिया के सानिध्य में मतदान अधिकारी महेंद्र मंडरावालिया, हेमराज वर्मा, मांगीलाल वर्मा, रामस्वरूप बरोलिया, लोकेश मंडरावालिया, निर्मल सालोदिया, दीपक मंडरावालिया, शशिकांत कंवरिया एवं सुरेंद्र कुमार मंडरावालियाए की टीम ने समस्त चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं निर्विवाद संपन्न करवाई। चुनाव परिणाम की बात समस्त विजय पदाधिकारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अंकुर सालोदिया, सीताराम रैगर,एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा, चिरंजीलाल रैगर, मांगीलाल वर्मा, रजनी वर्मा, रामगोपाल सेवलिया, डॉ भूषण सालोदिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में हुई करीब पौन घंटे तेज बारिश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** सोमवार की सुबह दतवास क्षेत्र में तेज बारिश हुई। जिससे मुख्य सड़क मार्ग में नदी की तरह पानी बहने लगा। बरसात होने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुबह करीब पौन घंटे तक तेज बारिश होने से मुख्य सड़क मार्ग पर तेज गति से पानी बहने लगा जिससे दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश से खेतों में भी पानी लबालब भर गया। बरसात होने से तालाब एनिकट सहित पानी के स्त्रोतो में पानी की आवक होने लगी है। इसी प्रकार उपखंड मुख्यालय पर भी रविवार की रात जमकर बरसात हुई। इससे सडकों पर पानी बहने लगा।



## बरवाड़ा में मूसलाधार बारिश से सड़कें बनीं दरिया : बनास में उफान से तीसरे दिन भी शिवाड़-बरवाड़ा मार्ग बंद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(नि.स.)।** चौथ का बरवाड़ा उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार दोपहर मूसलाधार बारिश हुई। बारिश की गति काफी तेज होने के कारण सड़कें पानी से लबालब हो गईं तथा निचले इलाकों में पानी भर गया। कस्बे के सब्जी मंडी मार्ग व रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित दुकानों में पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानी हुई। इसके साथ ही बनास में लगातार पानी की आने से शिवाड़ होकर जयपुर जाने वाला मार्ग तीसरे दिन भी बंद है। उपखंड मुख्यालय पर दोपहर 1:40 बजे मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ जो 3.00 बजे तक चला। बारिश की गति काफी तेज होने से थोड़ी ही देर में सड़कें पानी से लबालब हो गईं। जिसके चलते निचले इलाकों में पानी भर गया। स्टेशन चौराहे पर 50 से अधिक दुकानों में पानी भरने से लोग परेशान हुए। सब्जी मंडी में भी 25 से अधिक दुकानों में पानी भर गया। अच्छी बारिश के चलते क्षेत्र के सबसे बड़े चौथ माता सरोवर में इस सीजन की सबसे अधिक पानी की आवक हुई है। इसके साथ-साथ गलवा नदी एवं बनास नदी में भी अपनी तेज गति से बह रहा है। किसानों के अनुसार यह इस सीजन की सबसे अधिक बारिश मानी जा रही है।

## 5 हजार रूपए का इनामी किशोर औरंगाबाद शहर से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने सोमवार को प्रकरण में फरार विधि से संघर्षरत 5 हजार रूपए का इनामी किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व पीपलू वृत्ताधिकारी देशराज कुलदीप के निर्देशानुसार थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट के सुपरविजन में प्रकरण में फरार विधि से संघर्षरत एक किशोर की तलाश हेतु पुलिस टीम प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# हादसा पीड़ित व्यक्ति अथवा परिजन को मुआवजा दिलाने हेतु अग्र सक्रिय ढंग से कार्य करें विभाग : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, (नि.स.)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग को बारिश के मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त एवं ढीले तारों और टूटे खम्भों की त्वरित मरम्मत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर इत्यादि से हादसा होने पर हादसा पीड़ित व्यक्ति अथवा परिजन को मुआवजा दिलाने हेतु अग्रसक्रिय ढंग से कार्य करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत् समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि पेयजल की इंटेकवेल पर नियमित सैंपलिंग की जाये एवं तय मानकों का ध्यान रखा जाये।उन्होंने रसद विभाग को राशन डीलरों के विरूद्ध शिकायतों पर जांच करें एवं दोषी पाये जाने पर उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से वन भूमि अथवा राजस्व भूमि से मृदा का खनन करने वालों पर शास्ति आरोपित की जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग व्यापक रूप से वृक्षारोपण की तैयारियां करें एवं लक्ष्य के अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था एवं साफ-सफाई की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों, जल जनित बीमारियां के प्रति तैयारियों के बारे में जानकारी ली एवं आगे आने वाले समय में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के सहयोग से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु उचित प्रबन्ध किये जायें। उन्होंने मचकुण्ड सरोवर पर नागरिक सुरक्षा बलों की नियमित तैनाती एवं सरोवर में प्रवेश चेतावनी चस्पा कराने सहित अन्य उपाये अपनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बाड़ी शहर में झमाझम बारिश, तापमान गिरा

### बांध और नदियों में पानी की आवक, आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर, (नि.स.)।** बाड़ी शहर में एक सप्ताह में तीसरी बार लगाकर बारिश दर्ज की गई है। रविवार को शाम 3 बजे बाद अचानक से मौसम का मिजाज बदला और काले घने बादलों से आसमान घिर गया। ऐसे में करीब एक घंटे जोरदार बारिश हुई है। जिसके चलते जहां बाजार में पानी भराव हुआ है, वहीं शहर के निचले इलाकों में भी पानी भराव की समस्या सामने आई है। एक पखवाड़े से मानसूनी बारिश ने क्षेत्र में ऐसा समां बंधा है कि उमस भरी गर्मी गायब हो गई है और मौसम सुहावना हो गया है। क्षेत्र के बांधों और नदियों में भी पानी की लगातार आवक हो रही है और खेती किसानी के लिए अब मौसम खुलने का इंतजार किया जा रहा है। निचले इलाकों में पानी भराव, लोग परेशान पूर्व के वर्षों में लगातार बारिश का दौर कभी देखने को नहीं मिला है। एक दो बारिश के बाद मौसम खुल जाता था। जिससे आमजन राहत महसूस करता था, लेकिन इस बार पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। जिससे निचले इलाकों में पानी भराव हुआ है और लोग परेशान हो रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार सिंघल ने बताया कि पिछले 24 घंटे में बाड़ी क्षेत्र में करीब 24 एमएम यानी एक इंची बारिश दर्ज की गई है। वहीं तालाबशाही, आंगई, बसेड़ी आदि क्षेत्रों में भी बारिश हुई है। बारिश का यह दौर लगातार दौर चल रहा है। इससे क्षेत्र के अधिकांश बांध आधे भर गए है।

#### यह उपखंड के बांधों की स्थिति

सिंचाई विभाग की आंकड़ों के अनुसार बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध में 14.25 फीट पानी (भराव क्षमता 25.1 फीट), तालाबशाही बांध में 5.3 फीट (भराव क्षमता 11 फीट), उर्मिला सागर में 16 फीट पानी (भराव क्षमता 28 फीट) और पार्वती डैम में 214.60 मीटर पानी (भराव क्षमता 223.41 मी) पानी आ चुका है। जो भराव क्षमता के लगभग आधा है।

#### क्षेत्र में हुई मानसूनी सीजन की अब तक 35 प्रतिशत बारिश

सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया कि मानसूनी सीजन 15 जून से 30 सितंबर तक होता है। सीजन में धौलपुर जिले में औसत 650 एमएम बारिश दर्ज की जाती है। इस सीजन में मानसूनी सीजन अभी 20 दिन ही हुआ है जिसमें 35 प्रतिशत बारिश यानी 225 एमएम बारिश जिले में हो चुकी है।

# शहर के हाइवे को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग के हाल-बदहाल

### नगर पालिका और राज्य सरकार ने दिया था गौरव पथ का नाम, हालत गौबर के पथ जैसा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी /धौलपुर, (राजू शर्मा)।** नगर पालिका की अनदेखी के चलते शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया से लेकर हाइवे तक का गौरव पथ बदहाली का शिकार बना हुआ है। इस पथ पर जहां गोबर के ढेर लगे हुए है, वही दूसरी ओर पेयजल पाइप लाइन औए सीवर लाइन की खुदाई के कारण पूरा रोड गड्ढेनुमा हो गया है। नियमित साफ सफाई के अभाव औए सड़क की दोनों साईड लगे गोबर के ढेरों ने इस गौरव पथ को गोबर पथ बना दिया है।पूर्ववर्ती सरकार ने शहर में सौंदर्यीकरण और सुलभ आगमन के लिए गौरव पथ के निर्माण कराए थे, जिसके तहत बाड़ी शहर में कायस्थ पाड़ा पुलिया से लेकर कसौटी खेड़ा रोड की ओर नेशनल हाईवे 11 बी तक करोड़ों की लागत से गौरव पथ का निर्माण कराया था। जिसमे पैदल राहगीरों के लिए सड़क के दोनो साइड खरंजे और गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण कराया था, साथ ही रोशनी के लिए रोड लाईट के पोल भी लगे थे, लेकिन नगरपालिका और प्रशासन की अनदेखी और लापरवाह रवैया के कारण अब यह गौरव पथ,गोबर पथ बना दिया है, इस पथ पर लोगो ने अतिक्रमण कर बड़ी संख्या में गोबर के ढेर लगा दिए है। जिसके कारण यह रोड संकुचित होकर रह गया है। इस रोड के सहारे निकल रहा गुहर्रा नाला भी साफ सफाई के कारण गंदगी से अटा पड़ा हुआ है। यहां तक सफाई कर्मचारी भी यहां गंदगी और कूड़े के ढेर डालकर इस गौरव पथ को बदहाल करने में लगे हुए है। निर्माण के दौरान सवालों के घेरे में आए गौरव पथ के निर्माण कार्य में धांधली बरती गई जिसके कारण दोनो साइड के खरंजे कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गए, ऊपर से पेयजल पाइप लाइन की योजना ने इस गौरव पथ को उधेड़ कर इसके गौरव को नेस्तनाबूद कर दिया। जिसकी दो साल से अधिक होने पर भी मरम्मत नहीं हो सकी है। कोढ़ में खाज तो जब हो गई तब नई योजना सीवर लाइन के नाम पर इस पथ को खोदकर डाल दिया गया। जो लगभग 6 माह से खुदी डली हुई है। विभिन्न खुदाई योजना से जर्जर गौरव पथ आज गोबर और गंदगीनुमा कीचड़ से अटा पड़ा है। जिसकी कोई सुध लेने वाला कोई नहीं है। वार्ड 25 के पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा हरदेनिया का कहना है की इस गौरव पथ और नाले की साफ सफाई को लेकर नगर पालिका और प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है जबकि हाईवे से लिंक होने के कारण बाड़ी धौलपुर आवागमन का यह मुख्य मार्ग हो गया है। जहां ट्रेफिक भी बड़ी संख्या में आवागमन करता है।

**क्या कहते है जिम्मेदार :** जब इस बाबत सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि पहले भी गोबर के ढेरो को उठवाया है फिर से नोटिस कार्यवाही कर उनको उठाया जायेगा। सफाई निरीक्षक की बातो और सफाई व्यवस्था पर पर लोगो ने प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि बार बार सरकारी रास्ते पर यह गोबर के ढेर लगाकर रास्ते को संकुचित करने वालो को नोटिस किस बात का। ठोस कार्यवाही क्यों नहीं,इसी लचर व्यवस्था का यह अतिक्रमणकारी फायदा उठाते है और आवागमन करने वालों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है।

# खोरपुरा गांव के ग्रामीणों ने सौंपा गांव में आम रास्ते में अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन

**अतिक्रमण के बजह से नहीं हो पा रहा सीसी खरंजा निर्माण कार्य, ग्रामीणों की एसडीएम से मौका निरीक्षण और क़ानूनी कार्यवाही की मांग**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर, (राजू शर्मा)।** उपखंड के खोरपुरा गांव में आम रास्ते की भूमि पर कुछ दबंग लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। सड़क के दोनों साइड में किए गए कब्जे से हालात यह हैं कि गांव में मुख्य सड़क पर सीसी कारंजा निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन आरोपियों की बजह से उक्त निर्माण कार्य को भी रुका हुआ है। इसी को लेकर बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और उन्होंने सोमवार को उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौप मौके पर जांच के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सहेड़ी ग्राम पंचायत के गांव खोरपुरा निवासी अजय मीणा,पान सिंह,चरण सिंह,बच्चन सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि गांव में आम रास्ता करीब 17 से 20 फोटो चौड़ा है। उक्त रास्ते में गांव के विद्यालय के पास कुछ दबंग लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। सड़क के दोनों साइड में किए गए अतिक्रमण के चलते वहां पर सड़क 8 से 10 फुट की रह गई है। उक्त लोगों से ग्रामीण कई बार समझाइश कर चुके हैं लेकिन उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

वर्तमान में गांव के इस आम रास्ते पर पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसी रोड खरंजा हुआ है। जो आधा बन भी चुका है लेकिन सरकारी स्कूल के पास उक्त कब्जे के चलते रोड नहीं बन पा रहा है। ऐसे में काम रुका हुआ है। उक्त मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई है लेकिन उसमें समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

ऐसे में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ग्रामीणों के साथ ज्ञापन सौपा है। जिसमें मौका निरीक्षण के साथ आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और सीसी करेंगे जल्द कराने की मांग की है। जिससे बारिश के दिनों में गांव में हो रहे पानी भराव की समस्या दूर हो सके और स्कूल आने बाले बच्चो के साथ ग्रामीण की परेशानी दूर हो सके। इस दौरान चरण सिंह,राजेश,संदीप मीणा,प्रताप सिंह,अजीत,हरिचन्द्र,नरेश सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

### 'एक कदम गांव की ओर' संस्था द्वारा 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति प्रेम से ही बचेगा : डॉ आर पी यादव

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** नगर परिषद क्षेत्र के सूरदासवाली (श्यामनगर) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 'एक क़दम गांव की ओर' संस्था द्वारा विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर सौ पौधे लगाए गए। संस्था निदेशक रामनिवास यादव पूर्व तहसीलदार के सानिध्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ आर पी यादव रहे व अध्यक्षता भागीरथ मीणा सीबीईओ ने की। विशिष्ट अतिथि गिरधारी लाल गुरूजी पूर्व अध्यक्ष, किशोरी लाल गुरूजी रहे। संस्था की तरफ से सभी अतिथियों का माल्यार्पण व महापुरुषों की फोटो भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। डॉ आर पी यादव ने प्रकृति संरक्षण के प्रति जागृति पैदा करने के साथ पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने में सभी को आगे आने का आह्वान किया। संस्था निदेशक रामनिवास यादव पूर्व तहसीलदार ने संस्था के कार्य व उद्देश्यों से अवगत कराते हुए जनकल्याण कार्यों में उत्साह से भागीदारी सुनिश्चित कर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देने की बात कही। अध्यक्षता करते हुए सीबीईओ भागीरथ मीणा ने पौधारोपण का महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सभी को भूमिका निभाने की आवश्यकता बताई। राजेन्द्र यादव ओडिटर, रामनिवास गिरदावर, प्रकाश यादव झाड़ावाली ने भी पर्यावरण संरक्षण पर विचार प्रकट किए। कार्यक्रम संचालित करते हुए प्रवक्ता -रामकरण यादव ने भी प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहकर मानव जीवन के अस्तित्व को खतरे से बचाने में सभी की पहल को जरूरी बताया। संस्था प्रधान मोनिका ने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान लालाराम यादव व्याख्याता, अमीचंद डाबड़, ओमप्रकाश, श्रीराम सैनी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्टेरिंग फेल होने से विद्यालय की जीप जा घुसी दीवार में, जीप में थे 15 बच्चे सवार

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बामनवास में सोमवार को एक निजी स्कूल की गाड़ी अनियंत्रित होकर दीवार में जा घुसी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बच्चों को गंभीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को इलाज के लिए बानसूर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बामनवास में दोपहर क़रीब 1ः30 बजें श्याम पब्लिक स्कूल की गाड़ी छुट्टी के बाद बच्चों कों घर छोड़ने जा रही थी इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और दीवार में जा घुसी।

जिसमें छात्र भौनेश, दीपक व छात्रा वर्षा, करिश्मा , प्रिया एवं अध्यापिका प्रियंका गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए बानसूर में एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां उनका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने निजी स्कूल संचालकों पर आरोप लगाया है कि स्कूल संचालक गाड़ियों का समय पर काम नही करवाता हैं। जिससे आए दिन स्कूल की गाड़ियां रास्तों में खराब होकर खड़ी रहती है। सोमवार को निजी स्कूल की गाड़ी का स्टेयरिंग फैल हो गया और बेकाबू होकर दीवार में जा घुसी। ग़नीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गाड़ी में क़रीब 15 बच्चे सवार थे। तो वही मामले को लेकर अतिरिक्त मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी इंद्राज गुर्जर ने बताया कि दुर्घटना की विभागीय स्तर पर कमेटी का गठन कर जांच करवाई जाएगी अगर स्कूल संचालक की लापरवाही सामने आतीं हैं तो निश्चित रूप से विभाग कार्रवाई करेगा। अब देखने वाली बात यह है कि शिक्षा विभाग इतनी बड़ी लापरवाही को केवल जांच का नाम देकर रफा दफा करते हैं या कोई कारवाही कर एक मिसाल देते हुए बाकी सब स्कूल संचालकों को नसीहत देते हैं। स्कूल संचालक वाहनों के नाम पर अभिभावक से मोटा पैसा तो ले लेते हैं मगर गाड़ियों की देख भाल और कागज का अभाव ही रहता है।

# विष्णु मित्तल बने दिल्ली प्रदेश में महामंत्री, क्षेत्र में छाई खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली के ग्राम सुदरपुरा निवासी विष्णु जी मित्तल को भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने लोकसभा चुनावो में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए उन्हें भाजपा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री पद पर नियुक्त किया है। मित्तल की नियुक्ति का समाचार आते ही क्षेत्र में खुशी के लहर दौड़ गई। मित्तल ने प्रदेश महामंत्री का नया दायित्व मिलने पर गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री बी एल संतोष, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राना, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश प्रभारी जय पांडा, सह प्रभारी श्रीमती अलका गुर्जर व शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करते रहेंगे। पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले मित्तल दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी के करीबी माने जाने वाले मित्तल स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चल के राष्ट्रीय संयोजक भी है। मित्तल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओ सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# जिला प्रमुख ने किया बसई का दौरा बसई में पीएचसी को यथावत रखने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कोटपूतली के ग्राम बसई में जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने ग्राम पंचायत बसई एवं राजस्व ग्राम जाहिदपुरा व पेजुका का दौरा समस्याओं से अवगत कराया तथा उनके निराकरण की मांग की प्रमुख चोपडा ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए निराकरण के निर्देश दिए। एडवोकेट मनोज चौधरी ने जिला प्रमुख से बसई में पीएचसी को यथावत रखने एवं जाहिदपुरा से पेजुका तक रोड बनवाने की मांग की । उन्होंने बताया की गत बजट में सरकार ने बसई में श्चद्धष् स्वीकृत की थी मगर आज तक उसका काम शुरू नहीं किया गया जिस पर जिला प्रमुख ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया तथा विभाग में बात करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सुलतान सनवाल, मंगल गिठाला, कालू चौधरी छ्छ्छ, राहुल सेहरा , पंकज चौधरी, सुभाष सनवाल जयराम थालोड, बुधराम कुमावत, संजय जाट, सुरेश जाट, पवन सुल्तान गिठाला, रोशन लाल मीणा, रामस्वरूप गुर्जर, रामावतार कुमावत, मालाराम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम आलनपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को गत सत्र की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को माला एवं साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह व मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ईशा यादव ने बताया कि बोर्ड कक्षा में 92.40त्न अंक हासिल करने वाली छात्रा नेहा सूठवाल व 90.60त्न अंक प्राप्त करने वाले छात्रा ममता प्रजापत सहित कुल 27 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। इन विधार्थियों ने स्कूल के साथ साथ अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है। इस दौरान विधालय में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । इस अवसर पर ईशा यादव, मालाराम गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, प्रकाश चंद सहित एसडीएमसी व एसएमसी सदस्य, विधालय स्टाफ सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सोलर कंपोनेंट एक्सपो

# राजस्थान को बनाएंगे सोलर उपकरणों की असेंबलिंग तथा मैन्यूफैक्चरिंग का हब : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान




**कोटा/ जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सोलर सेक्टर को बढ़ावा दे रही है। हमारा प्रयास है कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ ही सोलर उपकरणों की असेंबलिंग तथा मैन्यूफैक्चरिंग का हब बने। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सोलर उपकरण विनिर्माण इकाइयों से जुड़े उद्यमी सुझाव दें। जिनके आधार पर नीति एवं नियमों में संशोधन की आवश्यकता हुई तो उन पर भी सरकार प्राथमिकता से विचार करेगी।

ऊर्जा मंत्री सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से आयोजित भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों तथा सोलर उपकरणों की विनिर्माण इकाइयों से जुड़े उद्यमियों के साथ संवाद किया और उनके सवालों के जवाब भी दिए। मंत्री नागर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ही सोलर कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स के लगने से सोलर पैनल, सोलर केबल, एलुमिनियम स्ट्रक्चर आदि की निर्माण लागत में कमी आएगी और युवाओं को इस उभरते सेक्टर में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है और हमारे प्रदेश में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। ऊर्जा मंत्री ने सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य कैबिनेट द्वारा हाल ही में किए गए अक्षय ऊर्जा नीति-2023 तथा राजस्थान भू-राजस्व नियम, 2007 के प्रावधानों में संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि अब प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए डीएलसी दर के साढ़े सात प्रतिशत पर भूमि का आवंटन किया जा सकेगा। इससे हमारे यहां प्रचुर मात्रा में प्रकृति प्रदत्त सोलर रेडिएशन का उपयोग तो होगा ही, सोलर कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग में निवेश एवं रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 हजार करोड़ के प्रस्ताव :** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य में विद्युत तंत्र के सुदृढीकरण के लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रूपए के कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। जिससे नए 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण तथा फीडर सुधार जैसे कार्यों को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति संभव होगी।

श्री नागर ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में सस्ती बिजली सुलभ कराने के उद्देश्य से कुसुम योजना को गति दे रही है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के कुछ ही माह में इस योजना के तहत फीडर स्तर के सोलराइजेशन के लिए करीब 4468 मेगावाट के कार्यादेश दिए जा चुके हैं। जल्द ही इस योजना में 5 हजार मेगावाट के प्लांट और आने की प्रक्रिया में हैं। इस योजना से जुड़कर किसान अपनी अनुपजाऊ भूमि का उपयोग ऊर्जा उत्पादन में कर पा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हम राजस्थान में पीएम सूर्यघर योजना के तहत 5 लाख घरों में रूफ टॉप सोलर लगाने के काम को भी गति दे रहे हैं। इससे पहले राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल, सीईओ नितिन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने नागर का स्वागत किया और राजस्थान में सोलर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे नीतिगत निर्णयों के लिए आभार व्यक्त किया। ऊर्जा मंत्री ने सोलर कंपोनेंट एक्सपो का अवलोकन भी किया।

# अब क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर होंगे योगमय चिकित्सा विभाग को योग्य योगा प्रशिक्षकों की तलाश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** क्षेत्र की ग्रामीण जनता को निरोग रहने के लिए अब योगा का लाभ भी मिल सकेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर माह में कम से कम 10 योगा सत्र आयोजित करवाने की तैयारी है।

राज्य स्तर से मिशन निदेशक (एनएचएम) डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने इस संबध में प्रदेश के सभी सीएमएचओ को गाईड लाइन जारी की है। जिसके मुताबिक चिकित्सा विभाग योग प्रशिक्षकों का चयन करेगा। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि गाइड लाइन के अनुसार योगा प्रशिक्षकों के चयन के लिए ब्लॉक स्तर पर उप खण्ड अधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में सदस्य ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा नामित संबधित ब्लॉक का वरिष्ठतम आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी की कमेटी योग प्रशिक्षकों का चयन करेगी।

चयन के लिए वरियता के क्रम में शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। इसमें स्थानीय क्षेत्र के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। ब्लॉक स्तरीय कमेटी ब्लॉक स्तर पर योगा प्रशिक्षकों से आवेदन लेकर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की जांच के बाद चयन सूची जिला स्वास्थ्य समिति को अनुमोदन के लिए भेजेगी। वहां से अनुमोदन मिलने और चयनित होने के बाद योगा प्रशिक्षक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योगाभ्यास करवाएंगें। जिसके लिए उन्हे प्रति योगा सत्र 250 रू. प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी योगा प्रशिक्षकों को आंवटित किये गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर योगा सत्र आयोजित करवाएंगे। हर माह प्रत्येक केंद्र पर कम से कम 10 योगा सत्र आयोजित करने होंगे।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा का उपशाखा कपासन ने स्वागत व सम्मान किया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा के दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचन बाद अल्पप्रवास पर कपासन आगमन होने पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास की अगुवाई मे प्रदेशाध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत,प्रदेश मिडिया प्रकोष्ठ प्रभारी पूरणमल लौहार,जिला सभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली,हेमन्त शर्मा,शिक्षा अधिकारी घनश्याम गौड़ का स्वागत सम्मान किया गया।साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने सरकार एवं निदेशक के साथ हुई वार्ता के कई बिंदुओं को शिक्षक साथियों के सम्मुख रखते हुवे विचारों का आदान-प्रदान तथा स्थानांतरण,सदस्यता अभियान,नामांकन,पदोन्नति, संविदा शिक्षकों से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।उपशाखा महिला मंत्री ममता शर्मा ने स्वागत उद्बोधन तथा जिला सचिव संस्कृत मुकेशचंद्र त्रिपाठी ने उपशाखा कपासन एवं जिले से संबंधित समस्याओ से अवगत कराया।

इस अवसर पर कमल दाधीच,दिलीप उपाध्याय, राकेश व्यास,संदीप ढाका,पूजा बिजारणिया, शिवशंकर शर्मा,शंकरलाल सेन,माधवलाल भील, गिरजाशंकर,सत्यवान,मनमोहन आचार्य,संदीप, कुलदीप आदि पदाधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# सर्वधर्म समाज के होनहार बालक बालिकाओं का एज्युकेशन अवार्ड सम्मान समारोह 21 जुलाई

बढ़ता राजस्थान

**अंता/ बांरा(नि.स.)।** मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार अध्यक्ष शेख बहादुर अली ने बताया कि संस्थान की ओर से सर्वधर्म समाज के होनहार बालक बालिकाओं का एज्युकेशन अवार्ड सम्मान समारोह 21 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से अंजूमन मैरिज हाल अंजूमन चौराहा मांगरोल रोड बांरा मे रखा जायेगा सचिव नवीन गर्ग ने कहा कि जिन छात्र छात्राओ ने 2023=24 मे 10वी व 12वी मे 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन होनहार बालक बालिकाओं का मौलाना आजाद संस्थान की ओर से होसला अफजाई कर सम्मानित किया जायेगा। होनहार छात्र छात्राओं से निवेदन है कि वो अपनी मार्कशीट की जेरोक्स कापी संस्थान कार्यालय शेख टापरी पवन मेटल के सामने मांगरोल रोड बांरा पर14जुलाई तक जमा करादे । समारोह को बहतरीन सफल बनाने के लिए हाजी अब्दुल गनी, जाकिर मंसूरी ,हाजी लियाकत अली मेव , शरद दाधीच, शैलेन्द्र गोयल ,शैलू अब्दुल वहीद, मुन्ना मास्टर, कन्हैया लाल चित्तोडा ,शैलेन्द्र मेहता , डॉक्टर अब्दुल रशीद ,नफीसा अली बोहरा, नवीन अग्रवाल, यशोदा रानी ,कश्यप ,फरीदा शेख, नीतू गुप्ता ,भंवरलाल पोरवाल को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं ।

# दादा के साथ किताबें लेने जा रही साढ़े तीन साल की बच्ची पर श्वानों का हमला पीठ पर नोचा, लोगों ने छुड़ाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के मोखापाड़ा इलाके में साढ़े तीन साल की बच्ची पर गली के तीन चार आवारा श्वान झपट पड़े। बच्ची की पीठ पर नोंचा। मौके पर मौजूद लोगों ने श्वानों को भगाया। बच्ची को इलाज के लिए एमबीएस हॉस्पिटल लेकर आए। बच्ची दर्द के मारे रोती रही। घटना दोपहर 1 बजे के आसपास की है। बच्ची किताबें लेने उसके दादा के साथ जा रही थी। मोखापाड़ा इलाके में सरकारी स्कूल के पास पानी की टंकी है। वहां आवारा कुत्तों का आतंक रहता है। दादा के साथ जाते समय अचानक से सारा पर तीन चार कुत्तों ने हमला कर दिया। सारा की पीठ को नोंच लिया। मौके पर मौजूद लोग मदद को दौड़े। कुत्तों को वहां से भगाया। सारा की पीठ से खून बहने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंचा। सारा को इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर आया। सारा की पीठ पर दो तीन जगह दांत लगे है। इस इलाके में पहले भी श्वानों के हमले की घटनाएं हो चुकी। उसके बाद बीबी निगम की टीम श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं करती।

# पति की हत्या के आरोप में पत्नी-प्रेमी को उम्रकैद, 4 साल पुराने मामले में मिली सजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** युवक की हत्या के करीब साढ़े 4 साल पुराने मामले में न्यायालय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, महिला उत्पीड़न प्रकरण क्रम 1 ने पत्नी व उसके प्रेमी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी ओमप्रकाश उर्फ विनोद (23) हाल निवासी प्रेमनगर थर्ड कोटा व जसोदा बाई उर्फ यशोदा (25) निवासी प्रेम नगर अफोर्डेबल हाउसिंग योजना को आजीवन कारावास की सजा व 25-25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार मृतक महावीर प्रसाद के भाई रघुवीर ने 11 अगस्त 2019 को उद्योग नगर थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि महावीर अपनी पत्नी व दी बच्चों के साथ 4 साल से कोटा के प्रेम नगर अफोर्डेबल आवास योजना में रह रहा है। महावीर की गैर मौजूदगी में उसके कमरे पर ओमप्रकाश नाम का युवक आता जाता रहता है। ओम प्रकाश, महावीर की पत्नी यशोदा व उसकी साली से अवैध संबंध है। महावीर ने कई बार टोका लेकिन ओम प्रकाश ने बात नहीं मानी।

## भाभी और प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराया था मामला

11 अगस्त की रात 2 बजे भाभी यशोदा के पिता ने फोन करके महावीर की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। तुरन्त कोटा आने को कहा। रात में कोटा आकर देखा तो मकान के बाहर भीड़ लगी थी। कमरे में महावीर लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसके सिर पर सरिए व सीने पर चाकू के घाव लगे थे। उसके भाई महावीर की हत्या, भाभी यशोदा, उसके प्रेमी ओम प्रकाश ने मिलकर की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की आरोपी प्रेमी व पत्नी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में 29 गवाह व 76 दस्तावेज पेश किए।

# आज सचेत रहेंगे तो कल स्वस्थ्य रहेंगे : डॉ. नीना विजयवर्गीय

## अफिनिटी हॉस्पिटल में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर नि:शुल्क मोटिवेशन वर्कशॉप आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जागृति पैदा करने के लिए अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा, कोटा द्वारा एक निःशुल्क मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें हाडौती संभाग के मरीज, उनके परिजन, आमजन व अस्पताल स्टॉफ मौजूद रहा। वर्कशॉप के दौरान सभी को मानसिक बीमारियों के लक्षण, उपचार, बचाओं एवं वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों पर हो रहे मानसिक तनाव को दूर करने, इनसे बचाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए विशेषज्ञों की टीम लोगों को मोटिवेट कर रही है. वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव को कम करने, जिंदगी को खुशनुमा बनाने आदि के टिप्स कार्यशाला के दौरान दिए गए। उन्होंने आमजन को बताया कि वह संतुलित आहार लें, डिपरेशन से बचे, तनाव नहीं करें, व्यायाम करें, फास्ट फूड से दूर रहे और पर्याप्त मात्रा में करीब 8 घंटे नीद लें ताकी दिमाग को आराम मिल सके।

# लार्वा मिलने पर 36 मकान मालिकों को दिए नोटिस

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** एंटी डेंगू जुलाई माह और ''कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना'' अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की 726 टीमों ने 12198 घरों का सर्वे किया। डेंगू, मलेरिया, चिगनुनिया आदि मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की।

इस दौरान लार्वा मिलने पर 36 मकान मालिकों को नोटिस देकर आगाह किया गया है। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ. घनश्याम मीना ने बताया कि टीमों ने घरों के 21203 कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमे से लार्वा मिले 185 कंटेनरों को उपचारित किया। इनके अलावा 1547 कंटेनरों को खाली कराया। वहीं पानी से भरे 792 कंटेनरों में टेमीफास एवं जल भराव वाले 1004 स्थानों पर लार्वा नाशक रसायन (एमएलओ) डाला गया। इस दौरान 139 लोगों की ब्लड स्लाईड भी ली गई। आमजन को बीमारियों से बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्पलेट भी वितरित किए।

# एनएसयूआई परिवार ने प्राचार्य को सौंपा परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन, महाविद्यालय में द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र की तिथि आगे बढ़ाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेडा(नि.स.)।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निंबाहेड़ा के एनएसयूआई परिवार ने परीक्षा नियंत्रक के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र की अंतिम तिथि को 08 जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग की है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भंवर सिंह शक्तावत, नवरत्न प्रजापत, सुरज मीणा, विक्की चोपड़ा, धर्मेंद्र जाट, रोशन कुमावत, अजय पाल सिंह, दशरथ सिंह एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में लिखा कि पिछले वर्ष की भांति अभी तक इस वर्ष में केवल 50 त्न आवेदन ही प्राप्त हुए है इससे द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राएं प्रवेश आवेदन से वंचित रह सकते हैं ऐसी स्थिति में प्रवेश की अंतिम तिथि को 08 जुलाई से आगे बढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# कोबरा सांप घर में घुसा, कार के बोनट में मॉनिटर लिजर्ड निकली

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शहर में सोमवार को वन्यजीवों के घरों में घुसने के 2 अलग अलग मामले सामने आए है। जिसमें से एक मामले में एक कोबरा सांप घर में घुस गया और घर में रखे हुए अंडों का सेवन कर गया। दूसरे मामले में मॉनिटर लिजर्ड भी बाहर आया और एक कार के बोनट में इंजन के पास घुस गया, जिसका रेस्क्यू किया गया। ढाई फीट लंबा मॉनिटर लिजर्ड -वन्यजीव रेस्क्यूर गोविंद शर्मा के अनुसार बजरंग नगर त्रिवेणी आवास निवासी शिवदयाल का उनके पास फोन आया था कि उनकी कार के बोनट के नजदीक बड़ी छिपकली नजर आई। इसके चलते शिवदयाल और उनका पूरा परिवार डर गया था। सूचना पर मौके पर पहुंचे। बोनट खोलने के बाद करीब ढाई फीट लंबा मॉनिटर लिजर्ड नजर आया। उसका रेस्क्यू किया गया और इसे फॉरेस्ट अधिकारी भवानी सिंह जादौन को सूचना देकर लाडपुरा रेंज के जंगल में छोड़ा गया है। इसी तरह से देवली माचियान किशनपुरा तकिया नयागांव निवासी निर्मल वर्मा ने सूचना दी थी कि उनके घर में कोबरा आ गया है।

मौके पर जाकर देखा तब करीब 5.30 फीट लंबा कोबरा घर में था, जिसका रेस्क्यू किया गया और उसे जंगल में रिलीज किया गया है।

# कोटा से लापता कोचिंग छात्रा मुंबई में तो छात्र बैंगलोर में मिला, पुलिस ने दोनों को परिजनों के सुपुर्द किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके से दो स्टूडेंट के पलायन का मामला सामने आया था। दोनों ही स्टूडेंट कोटा में कोचिंग करने के लिए आए थे, जिनमें एक नाबालिक लड़की थी और दूसरा 19 वर्षीय छात्र था। दोनों अलग-अलग तारीखों में लापता हुए थे, जिन्हें कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने तलाश कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। इनमें छात्रा अपनी मां की डांट से नाराज होकर मुंबई चली गई थी, जबकि छात्र पढ़ाई में मन नहीं लगने के चलते बेंगलुरु चला गया था। दोनों की गुमशुदगी कुन्हाड़ी थाने में अलग-अलग दिन दर्ज हुई थी।

कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज के अनुसार झारखंड निवासी टुनी कुमारी ने 5 जुलाई को थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी थी कि कोटा में अपने तीन बच्चों को वह कोचिंग करवा रही है और कमला उद्यान में किराए से रहती है। उनमें से 16 वर्षीय बड़ी लड़की दसवीं में पढ़ रही थी, वह 5 जुलाई को शाम 4 बजे के बाद लापता हो गई है। इसके संबंध में कोई सूचना नहीं मिल पा रही है। ऐसे में इस मामले में जांच पड़ताल शुरू की गई। लापता छात्रा के भाई-बहनों ने बताया कि मां ने उसे डांट दिया था, जिसके बाद ही वह नाराज होकर चली गई। इस मामले में सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, तब वह रेलवे जंक्शन के कैमरे के फुटेज में मुंबई की ट्रेन में बैठती नजर आई। इसके बाद पुलिस ने उसे मुंबई के अंधेरी से सकुशल दस्तयाब कर लिया।

सीआई भारद्वाज के अनुसार दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के महोलिया निवासी धुम्र पाल सिंह ने 2 जुलाई को सूचना अपने 19 वर्षीय बेटा भरत की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि भरत पीजी में रहता है। वह सुबह 7 बजे वह पीजी को छोड़कर कहीं चला गया है। इस मामले में तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर उसका रूट पीजी की तरफ से रेलवे जंक्शन की तरफ आया। ऐसे में जब जांच पड़ताल की गई तो सामने आया कि वह बेंगलुरु चला गया है, जहां से उसे पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है. उसने पूछताछ में बताया है कि पढ़ाई में मन नहीं लगने के चलते घरवालों को बिना बताए ही वह पलायन कर गया था।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- सरकार पीरियड लीव पर पॉलिसी बनाए

## कहा- हमने फैसला लिया तो कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से बचेंगीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को पीरियड लीव की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला अदालत में तय करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकारी नीति से जुड़ा मामला है। कोर्ट ने कहा कि हमारी तरफ से महिलाओं को पीरियड लीव देने का फैसला महिलाओं के लिए हानिकारक होगा क्योंकि कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से बचेंगीं। इसके साथ ही ष्टछ्वढ्ढ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्राकोर्ट की बेंच ने केंद्र को निर्देश दिया कि वे राज्यों और इस मामले से जुड़े सभी लोगों की सलाह लेकर एक मॉडल पॉलिसी तैयार करें। यह याचिका वकील शैलेंद्र तिवारी ने लगाई है। उनकी तरफ से वकील राकेश खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं।

### कोर्ट ने कहा- ऐसी लीव के चलते महिलाओं को काम से दूर दिया जाएगा

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि यह लीव औरतों को काम करने के लिए कैसे प्रोत्साहित करेगी। ऐसी लीव मंजूर होने से महिलाओं को काम से अलग कर दिया जाएगा। हम नहीं चाहते महिलाओं के साथ ऐसा हो। क्योंकि यह मामला अन्य राज्यों की नीतियों से संबंधित समस्याएं उठाता है, इसलिए कोर्ट के पास इस मामले में दखल देने की कोई वजह ही नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इजाजत दी कि वह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सेक्रेटरी और एडिशनल सॉलिसिटर ऐश्वर्य भाटी के पास जाएं। कोर्ट ने कहा कि हम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सेक्रेटरी से निवेदन करते हैं कि वे नीतियों के स्तर पर इस मामले को देखें और इससे संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा करने के बाद पॉलिसी बनाने के बारे में सोचें।

### फरवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की थी पीरियड लीव की मांग वाली याचिका

इसके पहले 24 फरवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने पीरियड लीव की मांग करने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं की याचिका खारिज की थी। तब भी कोर्ट ने यही कहा था कि यह मामला नीतिगत है, इसलिए याचिकाकर्ता केंद्र के सामने अपनी बात रखें। इसे लेकर आज की सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि अब तक केंद्र ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-एनटीए पेपर लीक वाले सेंटर्स की जानकारी दे

## जिन स्टूडेंट्स को फायदा हुआ, उनके बारे में भी 10 जुलाई तक बताए; 11 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** मेडिकल एंट्रेस परीक्षा नीट-2024 विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार, 8 जुलाई को 2 घंटे 20 मिनट तक सुनवाई हुई। अदालत ने एनटीए को गड़बड़ी से फायदा उठाने वाले कैंडिडेट्स की जानकारी देने और सीबीआई को जांच का अब तक का अपडेट देने को कहा है। वहीं, केंद्र सरकार से एनटीए में सुधार के लिए बनी एक्सपर्ट कमेटी की जानकारी मांगी है। इसके अलावा री-एग्जाम की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं से अधिकतम 10 पेज की कंसोलिडेटड रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि सभी बुधवार शाम 5 बजे तक अपने जवाब सौंपें। मामले की अगली सुनवाई अब 11 जुलाई को होगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए, सीबीआई, केंद्र सरकार और याचिकाकर्ताओं से क्या कहा**

### 1. एनटीए से फुल डिस्क्लोजर रिपोर्ट मांगी

नेचर ऑफ लीक वे स्थान जहां लीक हुआ और लीक की घटना और परीक्षा के बीच का समय अंतराल बताएं। एक डिस्क्लोजर देना चाहिए कि लाभार्थियों की और सेंटर्स या शहरों की पहचान के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए, उसका प्रोसेस क्या अपनाई। इसके अलावा, अब तक क्या कार्रवाई की। अब तक लाभार्थी के रूप में पहचाने गए छात्रों की संख्या कितनी है।

### 2. सीबीआई से कहा, जांच रिपोर्ट सौंपे

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि एजेंसी नीट जी पेपर लीक मामले में अब तक हुई जांच की एक रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश करे।





# मानसून : जयपुर-सीकर समेत 4 जिलों में बरसात, तापमान गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की एंट्री के बाद से लगातार बारिश हो रही है। सोमवार सुबह जयपुर के अलग-अलग इलाकों में रिमझिम बारिश की शुरुआत हुई। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश का दौर चलता रहा। जयपुर के कई इलाकों में दोपहर 3.30 बजे बाद एक बार फिर बरसात का दौर शुरू हुआ। तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के रेडियो थेरेपी वार्ड में पानी भर गया।

### एसएमएस हॉस्पिटल के वार्ड में भरा पानी; नाले के तेज बहाव में फंसा बाइक सवार

सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा कस्बे में दोपहर में सवा घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान सड़कें तालाब बन गई। कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानों में भी पानी भर गया, जिससे अंदर रखा सामान भीग गया। सीकर में बारिश के बाद नवलगढ़ रोड पर डेढ़ फीट पानी भर गया। यहां सड़क को छोटे वाहनों के लिए बंद कर दिया गया। जैसलमेर के सम, मोहनगढ़, देवा, चेलक, कुम्हार कोठा, खुहड़ी, रूपसी समेत कई ग्रामीण इलाकों में आज सुबह करीब 10.30 बजे हल्की बरसात शुरू हुई।

बारिश से यहां मौसम सुहाना हो गया है। उधर, मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में मानसून की गतिविधियां धीमी होने की संभावना जताई है। अब 10 जुलाई को प्रदेश के 9 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# हेमंत कैबिनेट में चंपाई-रामेश्वर समेत 11 ने ली शपथ

## झारखंड विधानसभा में सीएम ने फ्लोर टेस्ट पास किया, पक्ष में 45, विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा

बढ़ता राजस्थान

**रांची।** हेमंत सोरेन की सरकार ने सदन में विश्वासमत हासिल कर लिया है। सरकार के पक्ष में 45 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 0 वोट डाले गए। सदन में बहुमत साबित करने के बाद हेमंत कैबिनेट का विस्तार किया गया। नये मंत्री के रूप में सबसे पहले चंपाई सोरेन ने शपथ ली। इसके बाद रामेश्वर उरांव, दीपिका पांडेय सिंह, बैजनाथ राम और इरफान अंसारी मंत्री पद की शपथ ली।

इसके साथ ही दीपक बरुआ, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और बेबी देवी ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हांलाकि, हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन को कैबिनेट में जगह नहीं मिली है।

इससे पहले, सदन में विश्वास मत पर चर्चा के दौरान जैसे ही सीएम हेमंत सोरेन बोलने के लिए उठे, वैसे ही बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। सीएम ने कहा कि मुझे सदन में फिर से देखकर विपक्ष को कैसा लग रहा होगा, मैं समझ सकता हूं। साथ ही कहा कि सदन में विपक्ष के जितने भी विधायक दिख रहे हैं, उनमें से आधे भी अगली बार दिख गए तो बड़ी बात होगी। सीएम ने चंपाई सोरेन को 5 महीने सरकार चलाने के लिए बधाई दी।



बता दें कि 28 जून को हेमंत सोरेन जेल से रिहा हुए थे। 3 जुलाई को चंपाई सोरेन ने इस्तीफा दिया था और हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। 5 जुलाई को हेमंत सोरेन ने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी। सदन में विश्वासमत पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने बेरोजगारी और अपराध के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि पहले कैबिनेट का विस्तार होना चाहिए था, फिर विश्वास मत का प्रस्ताव आना चाहिए। आगे कहा कि सरकार जिस रोजगार के दावे को लेकर सत्ता में आई, उसे पूरा नहीं किया गया। वहीं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने विधानसभा में कहा कि लोकतंत्र में पार्टी और गठबंधन के निर्णय को मानना पड़ता है। मैंने 5 महीने तक सरकार चलाई। मुझे लगता है कि प्रदेश के विकास के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

# पंजाब में 4 लोगों की गोली मारकर हत्या, बीजेपी ने कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर मान सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** पुलिस ने सोमवार को कहा कि पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुरानी दुश्मनी को लेकर ग्रामीणों के दो समूहों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। यह घटना रविवार रात बटाला के विथवान गांव में हुई, पुलिस ने कहा कि दोनों समूहों में 13 लोग शामिल थे। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी में दोनों समूहों के दो-दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और कहा कि घटना की आगे की जांच जारी है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कानून-व्यवस्था को लेकर पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधा। बटाला के विथवान गांव में प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच चल रहे झगड़े के कारण चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिरसा ने ट्वीट करते हुए कहा कि यह क्रूर घटना कानून व्यवस्था बनाए रखने में पंजाब की आप सरकार की एक और विफलता को उजागर करती है। आप के सत्ता में आने के बाद से पंजाब किसी आदमी की भूमि जैसा नहीं लग रहा है। सीएम भगवंत मान के आखिरकार कार्रवाई करने से पहले और कितनी जानें जाएंगी?

# केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

## हफ्ते में 4 बार वकीलों से मिलने की मांग पर तिहाड़ अधिकारियों से भी जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हफ्ते में 4 बार वकीलों से मिलने की मांग की याचिका पर सोमवार (8 जुलाई) को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने मामले को लेकर तिहाड़ अधिकारियों और ईडी को नोटिस जारी किया है। केजरीवाल ने याचिका में कहा था कि उनपर देशभर में 35 अलग-अलग मामले चल रहे हैं। फिलहाल उन्हें हफ्ते में 2 ही बार वकीलों से मिलने की अनुमति है। उन्हें कम से कम 4 बार वकीलों से मिलने की इजाजत मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने जेल में 2 अतिरिक्त मीटिंग की याचिका पहले ट्रायल कोर्ट में लगाई थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि ये 2 मीटिंग वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए भी कराई जा सकती है। हालांकि, ट्रायल कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने याचिका खारिज करते हुए कहा था- इस तरह की याचिका पहले भी लगाई जा चुकी है। इसके बाद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जिस पर जस्टिस नीना बंसल ने ईडी और जेल अधिकारियों को 7 दिन में जवाब देने का आदेश सुनाया है। मामले की अगली सुनवाई अब 15 जुलाई को होगी।

**केजरीवाल को ईडी के बाद सीबीआई ने गिरफ्तार किया**-सीबीआई ने 25 जून को रात 9 बजे तिहाड़ जाकर शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर केजरीवाल से पूछताछ की थी। इसके बाद 26 जून को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था।




# टी-20 वर्ल्ड चैंपियन रोहित-कोहली समेत 15 प्लेयर्स को 5-5 करोड़

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए कैश प्राइज देने की घोषणा की थी। इस 125 करोड़ रुपए में से 15 खिलाड़ियों को 5-5 करोड़ रुपए मिलेंगे, जिनमें तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, चार रिजर्व खिलाड़ी बल्लेबाज रिंकू सिंह और शुभमन गिल, तेज गेंदबाज आवेश खान और खलील अहमद को भी 1-1 करोड़ रुपए मिलेंगे। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ-साथ बाकी कोचिंग स्टाफ बैटिंग कोच विक्रम राठौर, फील्डिंग कोच टी दिलीप, बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे को 2 .5-2 .5 करोड़ रुपए मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाकी बैकरूम स्टाफ को भी इनाम दिया जाएगा। तीन फिजियोथेरेपिस्ट, तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट्स, दो मसाज थेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच को 2-2 करोड़ रुपए मिलेंगे। तीन फिजियोथेरेपिस्ट में कमलेश जैन, योगेश परमार और तुलसी राम युवराज शमिल हैं।

# कांग्रेस नेता जयराम को कोर्ट से नोटिस

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिला अदालत में कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर फौजदारी का केस दर्ज हुआ है। केस दर्ज कर उन्हें अदालत ने नोटिस जारी किया है। दरअसल, जयराम रमेश ने 1 जून को दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन करके डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह से अमित शाह 150 अधिकारियों को फोन कर चुके हैं। जयराम ने इसे शर्मनाक बताया था। जयराम रमेश के खिलाफ यह वाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील और उत्तर प्रदेश के सह संयोजक विधि विभाग भाजपा सुशील कुमार मिश्र की ओर से दाखिल किया गया है। वकील सुशील कुमार मिश्र का कहना है कि अदालत ने सुनवाई कर केस दर्ज करने के बाद जयराम रमेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की डेट तय हुई है।

रविवार को इलेक्शन कमीशन ने जयराम रमेश के दावे का संज्ञान लिया। कमीशन ने जयराम रमेश को एक पत्र लिखकर कहा कि वे अपने दावे से जुड़ी डिटेल शेयर करें। ताकि इस मामले में सही एक्शन लिया जा सके। कमीशन ने जयराम रमेश को लिख पत्र में कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान सभी अधिकारी इलेक्शन कमीशन को रिपोर्ट करते हैं। अब तक किसी डीएम ने ऐसी जानकारी नहीं दी है, जैसे आप दावा कर रहे हैं।

जैसा कि आप जानते हैं कि वोट काउंटिंग की प्रक्रिया एक पवित्र ड्यूटी है, जो हर रिटर्निंग अफसर को सौंपी गई है।

# मुंबई हिट-एंड-रन मामला : आरोपी के पिता राजेश शाह को कोर्ट से मिली जमानत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अदालत ने सोमवार को राजेश शाह को जमानत दे दी। राजेश शिवसेना नेता और फरार आरोपी मिहिर शाह के पिता हैं। उन्हें 15,000 रुपये की अनंतिम नकद जमानत दी गई थी। इससे पहले दिन में, उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। शाह के अलावा अदालत ने उनके परिवार के ड्राइवर राजऋषि राजेंद्र सिंह बीदावत को भी एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपियों ने मृतक महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटा और फिर महिला को कार के बंपर से उतारकर उसके ऊपर कार चढ़ा दी। पुलिस ने इस मामले में जब्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोर्ट में अपनी दलील पेश की।

### ड्राइवर राजेश शाह ने मिहिर को भागने में मदद की

दुर्घटना के बाद मिहिर को भागने में मदद करने के आरोप में राजेश शाह और बिदावत को रविवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने तीनों पर गैर इरादतन हत्या समेत कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। मिहिर शाह अभी भी फरार था और पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए छह टीमें बनाई हैं। मिहिर शाह को देश से भागने से रोकने के लिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया है।



### राजेश शाह ने ड्राइवर से दोष लेने को कहा

घटना के वक्त कथित तौर पर बिदावत मिहिर शाह के साथ कार में मौजूद थे। हाल ही में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि कार चला रहा आरोपी मिहिर शाह घटना के बाद लगातार अपने पिता से फोन पर संपर्क में था. मिहिर के साथ एक बातचीत में, राजेश शाह ने कथित तौर पर मिहिर को ड्राइवर बिदावत के साथ सीट बदलने के लिए कहा था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com